



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 52/ अंक 142/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, मंगलवार 27 दिसंबर 2022 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in







टीटी नगर स्टेडियम में एनआईएफटी के वार्षिक उत्सव का शुभारंभ राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## निर्धन सामान्य वर्ग ने किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज ईडब्ल्यूएस आरक्षण संघ मध्यप्रदेश ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर अभिनंदन किया। विधायक मंदसौर यशपाल सिंह सिसोदिया और सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदोरिया की उपस्थिति में मध्य प्रदेश के निर्धन सामान्य वर्ग को सभी भर्तियों में 10 प्रतिशत आरक्षण और न्यूनतम उत्तीर्ण अंक में छूट दिए जाने के निर्णय के लिए यह अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए निर्धन सामान्य वर्ग के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि देश के 5 राज्यों में ही यह व्यवस्था लागू है जिसमें मध्यप्रदेश भी शामिल है। मध्य प्रदेश के निर्धन सामान्य वर्ग के युवाओं को विभिन्न सेवाओं में आने के अवसर इस निर्णय से बढ़े हैं।

## राजपूत समाज का विकास और राष्ट्र सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदानः चौहान



मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राजपूत समाज का विकास और राष्ट्र सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान है। आज यहां करणी सेना के पदाधिकारी भी उपस्थित हैं। समाज द्वारा दिए गए सुझाव पत्र का अध्ययन कर आवश्यक निर्णय लिए जाएंगे। सभी वर्गों का विकास और सम्मान राज्य सरकार का ध्येय है। राजपूत समाज की समस्याओं को हल किया जाएगा। सहकारिता मंत्री श्री अरविंद सिंह भदोरिया ने भी अभिनंदन कार्यक्रम को संबोधित किया।



## विक्रम महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आगामी मार्च माह में उज्जैन में होने वाले विक्रम महोत्सव की प्रारंभिक तैयारियों के बारे में उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया। संस्कृति मंत्री सुश्री उषा ठाकुर बैठक में वर्चुअल रूप से उपस्थित थीं।

## उड़ीसा के शिक्षा राज्य मंत्री रोहित पुजारी से भेंट

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आज मुख्यमंत्री निवास पर उड़ीसा के उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रोहित पुजारी ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री चौहान को उड़ीसा में होने वाले हॉकी टूर्नामेंट का आमंत्रण पत्र और वर्ल्ड कप हॉकी की टी शर्ट भेंट की।




## आंध्र प्रदेशः फार्मा कंपनी की लैब में आग, 4 की मौत

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में परवाड़ा लौरस फार्मा लैब्स लिमिटेड कंपनी में अचानक आग लग गई। हादसे में चार श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि हादसा रखरखाव के काम के दौरान हुआ। घायल व्यक्ति को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 6.4 किलो सोना पकड़ा गया, भारतीय तस्कर गिरफ्तार

**मुम्बई।** सीआईएसएफ ने मुंबई एयरपोर्ट पर 6.4 किलोग्राम सोना (पेस्ट के रूप में) पकड़ा है। सोने को साहुल हमीद नाम का भारतीय तस्कर लाया है। सोने की कीमत लगभग 3 करोड़ रुपए है। पूछताछ के दौरान उसने पाउच में पेस्ट के रूप में सोना होने की बात स्वीकार की। सीआईएसएफ ने बताया कि साहुल को आगे की कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क विभाग को सौंपा गया।

## यूपी में बिना ओबीसी आरक्षण के होंगे निकाय चुनाव

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने यूपी के निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर निर्णय दे दिया है। फैसले के अनुसार, निकाय चुनाव बिना ओबीसी आरक्षण के होंगे। इससे चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है।

कोर्ट में सुनवाई चलते रहने के कारण राज्य निर्वाचन आयोग के अधिसूचना जारी करने पर रोक लगा दी गई थी। कोर्ट ने कहा है कि जब तक ट्रिपल टेस्ट न हो तब तक ओबीसी आरक्षण नहीं होगा। कोर्ट ने बिना आरक्षण के तत्काल चुनाव कराने के निर्देश दिए। मामले में याची पक्ष ने कहा था कि निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण एक प्रकार का राजनीतिक आरक्षण है। इसका सामाजिक, आर्थिक अथवा शैक्षिक पिछड़ेपन से कोई लेना देना नहीं है। ऐसे में ओबीसी आरक्षण तय किए जाने से पहले सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई व्यवस्था के तहत डेडिकेटेड कमेटी द्वारा ट्रिपल टेस्ट कराना अनिवार्य है।

## महबूबा बोलीं- भारत जोड़ो यात्रा के लिए राहुल को सलाम

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सराहना की। उन्होंने कहा कि वह भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सलाम करती हैं। इसके साथ ही वाजपेयी को श्रद्धांजलि देने के



लिए कांग्रेस नेता की सराहना भी की। उन्होंने राहुल गांधी की ओर से भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दिए जाने के बारे में कहा कि अपने विरोधियों को सम्मान देना भी एक अच्छा भाव है। यह इस देश की खूबसूरती है कि विरोधियों को श्रद्धांजलि दी जाती है, चाहे वे मृत हों या जीवित। हालांकि, अभी यह गायब है। महबूबा ने भी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह हमेशा राजनीति से ऊपर देखते थे।

## चांदनी महल इलाके में मकान की छत गिरी, छह लोग दबे, मां-बेटे की मौत

**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली के चांदनी महल इलाके में एक मकान की छत गिरने से छह लोग उसमें दब गए, जिनमें से मां-बेटा समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि चांदनी महल इलाके में चितली कबर स्थित एक मकान



की छत गिरने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि वहां मलवा फैला पड़ा है। मां-बेटे की मौत हो चुकी है। चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मलवे में दबकर रुकसार (30) व उसके बेटे आलिया (3) की मौत हो गई। एक बच्चे की हालत गंभीर है। रुखसार बच्चों को लेकर मायके आई हुई थी। तड़के लगभग 4.45 बजे हादसे के समय वह कमरे में सो रही थी।

## राजस्थान-दिल्ली समेत 5 राज्यों में आज कोल्ड डे

नई दिल्ली। देश के ज्यादातर हिस्सों में सर्दी बढ़ रही है। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ के कई इलाकों में आज यानी मंगलवार को कोल्ड-डे या सीवियर कोल्ड-डे होगा। मौसम विभाग के मुताबिक, इन राज्यों के कई हिस्सों में 31 दिसंबर से 4 जनवरी तक सीजन के सबसे सर्द दिन हो सकते हैं। यहां पारा माइनस में पहुंच सकता है।


वहीं, दिल्ली, राजस्थान और पश्चिमी क्क में रात का तापमान 1 से 4 डिग्री के बीच रहेगा। उधर, मध्य प्रदेश में 27 और 28 दिसंबर को बहुत ज्यादा ठंड होगी, लेकिन उसके बाद मौसम सामान्य होने की संभावना है। राजधानी दिल्ली में मंगलवार सुबह शीतलहर के साथ घना कोहरा छाया रहा। यहां पालम में न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री पहुंच गया, जबकि सफदरजंग में पारा 7.8 डिग्री रहा। मौसम विभाग ने कहा कि अगले 2 दिन शीतलहर चलेगी।

दिसंबर के 26 दिनों में 11 डिग्री तक पहुंचा पारा

इस बार सर्दियों ने दस्तक देने में कुछ देर कर दी है। यूं तो दिसंबर के पहले हफ्ते में ही देश के अधिकांश इलाकों में न्यूनतम पारा 10 डिग्री से नीचे आ जाता है। लेकिन इस बार दिसंबर के 26 दिनों में 16 बड़े

## मप के अधिकांश इलाकों में ठंड बढ़ी

मध्य प्रदेश में पहाड़ों से आई बर्फीली हवा और उत्तरी इलाके से आई सर्द हवा के कारण शहर में ठंड और बढ़ गई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह ठंड सिर्फ दो दिन यानी 28 और 29 दिसंबर की है। फिर 30, 31 दिसंबर को तापमान थोड़ा बढ़ सकता है। एक जनवरी से फिर तेज ठंड का दौर आने की संभावना है। नए साल में पहले या दूसरे दिन कोहरा भी छाने के आसार भी हैं। इधर, सोमवार को शहर में रात के तापमान में कोई खास बदलाव नहीं हुआ। यह 11.5 डिग्री दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में इसमें सिर्फ 0.1 डिग्री की कमी आई। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि रात 11.30 बजे से सुबह 5 बजे तक पारा 11.5 डिग्री पर बना रहा। बादल छाने के कारण इसमें बदलाव नहीं हुआ। दिन का तापमान 23.8 डिग्री रहा। राजस्थान के चूरू में मंगलवार को तापमान 0.5 डिग्री तक पहुंच गया। सीकर में भी ऐसे हालात हैं। शीतलहर के चलते तापमान 9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। वहीं, कल यहां पारा 0.5 डिग्री दर्ज किया गया था। नए साल का वेलकम भी कड़ाके की सर्दी से होगा।



## दिल्ली मेयर के लिए भाजपा ने रेखा गुप्ता को उतारा

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में मेयर पद के लिए भाजपा ने रेखा गुप्ता का नाम तय किया है। कई मीडिया रिपोर्ट्स में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। आप ने पहले ही मेयर के लिए शैली ओबेरॉय और डिप्टी मेयर के लिए आले मोहम्मद इकबाल के नाम तय कर दिए थे। इधर, मेयर चुनाव से पहले निर्दलीय पार्षद गजेंद्र दराल सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए।



वे मुंडका से चुनाव जीते थे। दिल्ली नगर निगम के मेयर के लिए चुनाव 6 जनवरी को होना है। 250 सीटों के एमसीडी चुनाव में आप ने बहुमत हासिल किया था। आप को 134 और भाजपा को 104 सीटें मिली थीं।

## तेलंगाना हाईकोर्ट ने विधायकों की खरीद-फरोख्त का मामला सीबीआई को सौंपा

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और उनकी पार्टी भारत राष्ट्र समिति को झटका लगा है। तेलंगाना हाईकोर्ट ने सोमवार को विधायकों की खरीद-फरोख्त का मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दिया। अदालत ने मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल को भी भंग कर दिया है। दरअसल, तेलंगाना सरकार की ओर से दावा किया गया था कि बीआरएस के कई विधायकों को पार्टी छोड़ने और भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के लिए संपर्क किया गया था। कोर्ट के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए, बीआरएस के सोशल मीडिया संयोजक कृशांक ने ट्वीट किया कि कोर्ट का आदेश हाइडिंग माउस के लिए राहत है।

## कोरोना:आज देशभर में की जा रही मॉकड्रिल, स्वास्थ्य मंत्री मांडविया सफदरजंग पहुंचे

**नई दिल्ली। चीन, जापान समेत कई देशों में कोरोनी संक्रमण के मामलों में लगातार तेजी आ रही है, वहीं भारत में बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के आंकड़े राहत देने वाले आए हैं। केंद्र सरकार लगातार कोरोना वायरस के नए वेरिएंट को लेकर एहतियात बरत रही है और मंगलवार को देशभर के अस्पतालों में मॉक ड्रिल भी कर रही है। इस बीच बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना संक्रमण के 157 नए केस सामने आए हैं। वहीं एक्टिव मामलों में भी गिरावट दर्ज की गई है।**

कोरोना संकट से निपटने के लिए आज देशभर के अस्पतालों में मॉकड्रिल की जा रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने लोगों से मास्क पहनने और कोविड-19 से संबंधित गाइडलाइंस का पालन और सतर्क रहने का आग्रह किया है। मांडविया ने टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण और कोविड गाइडलाइंस की नीति का पालन करने और संवेदनशील लोगों को सर्तकता डोज देने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि हम निरंतर सामूहिक प्रयासों से ही संक्रमण से पार पा सकते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया आज खुद दिल्ली के सफदरगंज अस्पताल पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों से बातचीत की। ऑक्सीजन सप्लाई और वेंटिलेटर को



लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया। मांडविया ने कहा कि पीएम मोदी ने हमसे कोरोना से सावधान रहने के लिए कहा है। कोरोना से निपटने के लिए सरकार उचित कदम उठा रही है। देशभर में कोविड अस्पतालों में मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है, ताकि हम व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर सकें।

### गोवा में नए साल के जश्न पर नहीं रहेगी पाबंदी

नए साल का जश्न गोवा में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है और देशभर से लोग यहां छुट्टियां मनाने के लिए पहुंचते हैं। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद मीडिया को कहा कि फिलहाल 1 जनवरी, 2023 तक कोई अंकुश नहीं होगा। राज्य में कोरोना संक्रमण के केस बढ़ने पर सख्ती की जाएगी।

### राज्यों ने जारी की एडवाइजरी

कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए भारत सरकार भी अलर्ट हो गई है और अलग-अलग राज्यों को सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए हैं। नए साल के जश्न को लेकर भी अब राज्यों ने सख्त गाइडलाइन जारी कर दी है और एडवाइजरी का पालन करने का निर्देश दिया है। आपको बता दें कि कोरोना मामलों में बढ़ोतरी के लिए जिम्मेदार ओमिक्रोन का सब वेरिएंट बीएफ.7 भारत में भी मिल चुका है और इसी के मद्देनजर सभी राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है। दिल्ली में भी कोरोना की स्थिति को लेकर सरकार काफी एक्शन में है। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने सोमवार को एक बैठक की और ताजा स्थिति पर विचार किया। मनीष सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली में अब तक ओमिक्रोन का सब वेरिएंट बीएफ.7 नहीं मिला है। सरकार किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

## ईरान में हिजाब के खिलाफ प्रदर्शन के 100 दिन पूरे, पीछे हटने के लिए तैयार नहीं महिलाएं

**तेहरान/लंदन।** ईरान में हिजाब के खिलाफ प्रदर्शन 100 दिन बाद भी जारी हैं। सरकार प्रदर्शनकारियों का दमन कर रही है। दूसरी ओर, प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। रविवार को ईरान में कई जगह प्रदर्शन हुए। इसमें महिलाओं ने नारे लगाए- चाहे हमारी जान चली जाए, हम झुकेंगे नहीं। महिलाओं के हौसले के चलते उनके लिए समर्थन बढ़ता जा रहा है। हिजाब के विरोध में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के साथ वकील और सेलेब्रिटी तक उतर आए है। इस बीच, ईरान का घिनौना चेहरा भी उजागर हुआ है।

एल.वी.एस ग्रुप्स द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी, हस्तकला प्रदर्शनी एवं बाल मेले का आयोजन

# ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के बनाए मॉडल वास्तव में अकल्पनीय हैं : सिद्ध भाऊ






**संत हिरदाराम नगर।** लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्यूकेशनल सोसायटी गांधीनगर द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. विद्यालय एवं प्रेरणा किरण पब्लिक, एल.वी.एस. प्ले ग्रुप स्कूल द्वारा वीना चार्ली दासवानी स्कूल प्रांगण में विज्ञान प्रदर्शनी, हस्तकला प्रदर्शनी एवं बाल मेले का भव्य आयोजन हुआ। प्रदर्शनी एवं मेले का शुभारंभ संत सिद्ध भाऊ ने किया। इस अवसर पर भगवानदास सबनानी, किशन सूर्यवंशी, रमेश हिंगोरानी, योगेश हिंगोरानी, नीलेश हिंगोरानी सहित कई उपस्थित थे।

इस शुभ अवसर पर सिद्ध भाऊ ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे बच्चों की कला प्रदर्शनी को देखकर हतप्रभ हैं कि ऐसी कलाकारी भी हो सकती है। उन्होंनें राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू का उदाहरण देते हुए बताया कि जीवन में शिक्षा के साथ-साथ सेवा भाव और व्यवहार कुशलता का तालमेल होना भी आवश्यक है। उन्होंनें दीप से दीप जलाते चलो का स्लोगन दिया और शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन गतितिधियों में सभी शिक्षकों का समान रूप से योगदान है। भगवानदास सबनानी ने बच्चो के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया। बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल्स, हाईड्रोलिक ब्रिज, उज्जैन के महाकाल लोक, जियो स्टेशनरी सेटेलाईट, सोलर सिस्टम, रॉकेट लांचर, धरती बचाओ, बायोगैस प्लांट, आई.एन.एस. विक्रांत रॉकेट, आर्मी सिक्योरिटी सेंटर, वैक्यूम क्लीनर, ए.टी.एम., कॉमर्स सिटी, लाईट कंडक्टर, लेजर सिक्योरिटी अलार्म, म्यूजिकल बेण्ड आदि शामिल थे।

करुणाधाम की पहल, जरूरतमंदों को मिल रही राहत

# युवाओं में सहानुभूति की भावना पैदा करने कम्बल वितरण कार्यक्रम शुरू

सांध्य प्रकाश संवाददाता
भोपाल




प्रत्येक नव वर्ष की तरह इस नव वर्ष भी करुणाधाम आश्रम की और से ठंड को ध्यान में रखते हुए 10 हजार कंबलो का वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह सम्पूर्ण कार्यक्रम गुरुदेव श्री सुदेश शांडिल्य महाराज युवाओं द्वारा आयोजित करवाएंगे। शांडिल्य महाराज का कहना है की युवाओं में इस कार्यक्रम से सहानुभूति, दया, मदद जैसे मूल्यों का विकास होगा। गौरतलब है की इस वर्ष यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों जैसे टिमरनी, जबलपुर, मंडला आदि क्षेत्रों में परम पूज्य गुरुदेव श्री सुदेश शांडिल्य महाराज जी के मार्गदर्शन में प्रारंभ किया जा चुका है। महाराज ने स्वयं आदिवासी क्षेत्रों का दौरा किया था। वहाँ उन्होंने उनकी परेशानी को जानते हुए यह निर्णय लिया।

कार्यक्रम अंतर्गत 5000 कंबलो का वितरण 21 दिसम्बर को टिमरनी क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में, बच्चों, बुजुर्गों, माताओं को किया जा चुका है।

कंबलो की अगली 5000 की खेप का वितरण 26 दिसम्बर से शुरू हो गया है। 27 दिसंबर को जबलपुर, मंडला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में वितरित किया जाना है।

इस वर्ष की ठंड के तापमान का विशेष ध्यान रखते हुए आश्रम की संस्था ने कंबलो को पानीपत से निर्यात करवाया है, जो ठंड प्रतिरोधी है।

## अंतर्राष्ट्रीय वन मेले में एलएन आयुर्वेदिक कॉलेज के स्टॉल को द्वितीय पुरस्कार




**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय वन मेला में एल एन आयुर्वेदिक कॉलेज के स्टॉल को राज्यपाल द्वारा द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।एल एन आयुर्वेदिक कॉलेज एवं हॉस्पिटल के डायरेक्टर शिवहरे ने बताया कि उनके संस्थान द्वारा यहां पर एक हॉस्पिटल का डेमो दिया गया डॉ आशुतोष शुक्ला ने पुरस्कार मिलने पर सभी सहयोग किया।

## बलखिरिया के ग्रामीणों ने विधायक रामेश्वर शर्मा को सौंपा ज्ञापन सौंपा



**भोपाल।** हुजूर विधानसभा के अंतर्गत बिलखिरिया गांव में रोड चौड़ीकरण के विरोध करने पहुंचे रेवासी विधायक रामेश्वर शर्मा के निवास पर गांव में काफी टाइम से रह रहे रेवासी रोड के चौड़ीकरण को लेकर हो रहे परेशान जिसमें सरपंच मिश्रीलाल गुर्जर और उपसरपंच परमजीत सिंह के नेतृत्व में आज विधायक रामेश्वर शर्मा को निवास पर ज्ञापन दिया गया और विधायक जी ने आश्वासन दीया की जो स्थाई लोग हैं उनको परेशान नहीं किया जाएगा मैं प्रशासन से बात करूंगा और जो समस्या आ रही है उस समस्या का समाधान करूंगा जल्द से जल्द उप सरपंच परमजीत सिंह ने बताया कि कि देवासी काफी टाइम से रह रहे हैं जो कि परेशान हो रहे हैं इस मौके पर सरपंच मिशरीलाल गुर्जर ने बताया कि यहां पर जो सरकारी जगह है वह निकले और जो मकान टूटे हैं उनको जल्द से जल्द जगह दी जाए जिससे हमारे देवासी जो परेशान हो रहे हैं वह परेशान ना हो

## अंतर्राष्ट्रीय मेले में कैम्वेज के उत्पादों को जनता ने सराहा




**भोपाल।** भोपाल में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय वन मेला में इंदौर स्थित केमवेज के प्रोडक्ट को जनता ने खूब सराहा केमवेज संचालक ने बताया कि केमवेज द्वारा डायबिटीज और ईमनूयूनिटी बूस्टर के उत्पादों की जनता में भारी मांग रही

## मालाबार मिशनरी ब्रदर्स नवज्योति पर रही क्रिसमस की धूम



भोपाल। पटेल नगर स्थित नव ज्योति चर्च पर क्रिसमस के अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने हर्षोल्लास के साथ यीशु के जन्मदिन का आनंद लिया। सनी लाल ने बताया यीशु का संदेश सभी के जीवन में सुख समृद्धि लाए ऐसी कामना है।

## मानसरोवर को मिला प्रथम स्थान

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय हर्बल फेयर 2022 में मानसरोवर ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन, भोपाल आयुर्वेद के संचालित आर्युवेद महाविद्यालय - फैकल्टी ऑफ़ आयुर्वेदा ,मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी, श्री साई इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन, मानसरोवर आयुर्वेदिक कॉलेज, भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में




नि:शुल्क ओपीडी, पंचकर्म, आयुर्वेदिक पौधौं के साथ साथ आर्युवेदिक औषधियों की प्रदर्शनी के साथ विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रम जैसे 40 छात्र छात्राओं द्वारा नटराज नृत्य नाटिका का प्रदर्शन, 150 छात्र छात्राओं का सामूहिक फ्लैश मोब एवं 375 छात्र छात्राओं द्वारा तैयार भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसके साथ ही मानसरोवर ग्रुप द्वारा संचालित स्टाल पर विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श दिया गया, साथ ही संस्थान की फार्मेसी में ही निर्मित उच्च गुणवत्तापूर्ण औषधियों का निर्माण कराकर उन्हें लागत मूल्य पर बिक्री के लिए उपलब्ध कराया गया ।मानसरोवर ग्रुप के छात्र छात्राओं द्वारा फ़ूड स्टाल का संचालन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय वन मेला- 2022 का रंगारंग समापन मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा किया गया। इस समापन समारोह में वन मंत्री मध्यप्रदेश शासन डॉ कुंवर विजय शाह, जे. एन.कंसोटिया आईएएस, अपर मुख्य सचिव, पुष्कर सिंह, प्रबंध संचालक, म. प्र. राज्य लघु वनोपज संघ, द्वारा मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, भोपाल को प्रथम पुरुस्कार प्रदान किया गया। मानसरोवर ग्लोबल विश्वविद्यालय की कुलाधिपति श्रीमति मंजुला तिवारी, मानसरोवर समूह के सीईडी गौरव तिवारी ने सभी प्राचार्य, फेकल्टी मेंबर्स एवं छात्र छात्राओं को इस उपलब्धि पर बधाई प्रेषित की।

## साधु वासवानी स्कूल में 58वीं वार्षिक रामधुनी का श्रद्धा के साथ समापन



**संत हिरदाराम नगर।** साधु वासवानी स्कूल में सोमवार को सुबह 7 से 9 बजे 58वीं वार्षिक अखण्ड रामधुनी का भोग साहिब किया गया। इसी के साथ श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी के पाठ साहिब का आरती, अरदास, अनंद साहिब के साथ भोग साहिब किया गया। बड़ी संख्या में नगर के लोग उपस्थित हुए और प्रसादी ग्रहण किया।

संत सिद्ध भाऊ ने कहा कि रामधुनी उस परम सत्ता से जुड़ने का एक माध्यम है। यह अखण्ड रामधुनी आज अपने साथ घर ले जाए, साथ ही उन्होंने बताया कि सच्चे दिल से रामधुनी लगाने से सारे कार्य सफल होते है एवं नियमित रूप से अपने घरों में रामधुनी अवश्य लगाए। सुखमनी साहिब सुखों की मणी है एवं वह मूल मंत्र है जो सभी दु:खो का नाश करती है रामधुन से मन प्रसन्न रहता है एवं हमें आनन्द की अनुभूति होती है। संस्कारवान सन्तान ही हमारी सच्ची पूंजी व धरोहर है हमें अपने संतानों में संस्कार देने चाहिए घर में नियमित रूप से शाम के समय आरती करनी चाहिए जिससे घर का वातावरण शुद्ध होता है एवं बच्चों में संस्कार आते है।

## फैकल्टी को तकनीक से हमेशा अपडेट रहना चाहिए: केजी सुरेश

### एमसीयू में इंडस्ट्री एकेडमिया इंटरफेस विषय पर व्याख्यान

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के मीडिया प्रबंधन विभाग द्वारा इंडष्ट्री एकेडमिया विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिजनिस वर्ल्ड के एडिटर इन चीफ और चेयरमैन डॉ. अनुराग बत्रा थे। अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.केजी सुरेश ने की। इस मौके पर कुलपति प्रो.सुरेश ने कहा कि फैकल्टी को मार्केट के हिसाब से सतत् परिवर्तनशील एवं अपडेट रहना होगा। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम के साथ ही फैकल्टी को तकनीक के मामले में हमेशा अपडेट रहना चाहिए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिजनिस वर्ल्ड के एडिटर इन चीफ और चेयरमैन डॉ. अनुराग बत्रा ने कहा कि तकनीक ने नए रास्ते बना दिए हैं और सब कुछ बदल दिया है। उन्होंने कहा कि जीवन के लिए पैसा जरुरी है, लेकिन सीखते रहना बहुत महत्वपूर्ण है। डॉ. बत्रा ने वर्तमान परिदृश्य पर बात करते हुए कहा कि फैकल्टी को ज्यादा से ज्यादा पुस्तकें पढ़ना चाहिए और साथ ही एक्टिव भी रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल सभी लोगों को मोबाइल की लत लग चुकी है, इसलिए काम करने के लिए मोबाइल ब्रेक लेना भी जरुरी है। राधेश्याम शर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संयोजन मीडिया मैनेजमेंट विभाग की प्रोफेसर डॉ. कंचन भाटिया द्वारा किया गया।

## टॉपरैंकर्स ने सीएलएटी परीक्षा 2023 में ऐतिहासिक परिणाम के साथ भोपाल में नया कीर्तिमान किया

**भोपाल।** टॉपरैंकर्स ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी) 2023 में अपने विद्यार्थियों के लिए 400+ रैंक सुनिश्चित कर डिजिटल लर्निंग के क्षेत्र में नया कीर्तिमान किया है। टॉपरैंकर्स के लीगलएज के विद्यार्थियों ने सीएलएटी यूजी परीक्षा में एआईआर 1, 2,3,8, 10 प्राप्त किए और पीयूष गुप्ता ने मध्य प्रदेश में एआईआर 8 रैंक 1 हासिल किया है।

टॉपरैंकर्स के लीगलएज विद्यार्थियों को लॉ में करियर बनाने के लिए तैयार करता है और पिछले सात वर्षों से लगातारटॉप 10 ऑल इंडिया रैंकर देता रहा है। मास्टर्स इन लॉ में कदम रखते हुए लीगलएज आफ्टर कॉलेज ने एआईएलईटी, एलएल.एम और सीएलएटी पीजी के माध्यम से एनएलयू प्रवेश परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है और एआईआर 3,7,20,23 तथा ऐसे कई बेहतरीन परिणाम दिए। अपने छात्रों की उपलब्धियों पर खुशी साझा और उन्हें बधाई देते हुए श्री गौरव गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और टॉपरैंकर्स के सह-संस्थापक ने कहा, सीएलएटी 2023 में हमारे छात्रों ने अभूतपूर्व सफलता दर्ज कर टॉपरैंकर्स के लिए एक और बड़ी उपलब्धि पाई है। मैं लगनशील छात्रों और हमारी कार्य सक्षम टीम को बधाई देता हूं जिसने पूरी परीक्षा यात्रा में एकजुट हो कर काम किया और उत्कृष्ट परिणाम दिए। हम आगे भी शानदार सफलता दर्ज करेंगे और लॉ में करियर बनाने का सपना सच करने में हमेशा छात्रों को सहयोग देंगे।

एआईएलईटी और छ्रस्स्न 2023 में एआईआर 1 अभिनव सोमानी ने कहा, "टॉपरैंकर्स से जुड़ कर मैं खुद को आभारी मानता हूं। यहां मुझे तैयारी शुरू करने से लेकर परीक्षा तक के सफर में पूरी मदद और उत्साहवर्धन मिला है। टॉपरैंकर्स में वीडियो की मदद से छात्रों को विषय समझाने की बेजोड़ क्षमता है। इसके अलावा मॉक टेस्ट, प्रैक्टिस सेशन और परीक्ष के विश्लेषण सत्रों से मुझे वह हासिल हुआ जो मैं हमेशा से चाहता था। मैं टॉपरैंकर्स के समर्थन और मार्गदर्शन के लिए हमेशा आभारी रहूंगा। भोपाल के पीयूष ने सीएलएटी 2023 में एआईआर 8 और भोपाल में रैंक 1 हासिल किया है।

## चौदहवीं का चांद हो... जैसे गीतों की प्रस्तुतियां ने श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

### आमुर्किल का संगीतमय तुम साथ हो जब अपने कार्यक्रम आयोजित



**संत हिरदाराम नगर।** चौदहवीं का चाँद हो या आफताब हो, ये शाम मस्तानी, तुझको पुकारे मेरा, जैसे गीतों को सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। आमुर्किल द्वारा संस्थापक स्व. सुरेश बेन की याद में सोमवार को संगीतमय कार्यक्रम तुम साथ हो जब अपने आयोजित किया गया। उपनगर के पुराना डेयरी फार्म वन ट्री हिल्स पर आमुर्किल के फनकारों द्वारा एक से बढ़कर एक सदाबहार गीतों की प्रस्तुतियों ने मनमोह लिया। नीतू बेन, शहनाज, अजय चतुर्वेदी, अजय राजपूत, ओ.पी. मालवीय, विनय श्रीवास्तव, अशोक कुमार साहू, देविका, अंजली, आनंद शर्मा, पदमाकर पारे सहित कई कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। उल्लेखनीय है कि स्व. सुरेश बेन द्वारा नवोदित, शौकिया तौर पर गाने वालों को मंच प्रदान करने हेतु आमुरकिल म्यूजिक ग्रुप की स्थापना की गई थी। इस ग्रुप के माध्यम से न केवल भोपाल के वरन् देश के विभिन्न क्षेत्रों के नवोदित गायकों को अवसर मिला था।

## रिन्यू पावर ने मप्र में गिफ्ट वार्म्थ अभियान का 8वां संस्करण शुरू किया

**भोपाल।** भारत की प्रमुख नवीकरण योग्य ऊर्जा कंपनी रिन्यू पावर ने अपने 'गिफ्ट वार्म्थ' कैम्पेन का 8वां संस्करण लॉन्च किया है। इस पहल के जरिये कंपनी दिल्ली एनसीआर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखण्ड और कर्नाटक समेत दस राज्यों में 300,000 कंबलों का वितरण करेगी। इस महत्वाकांक्षी अभियान की शुरूआत दिसंबर 2022 में हुई है और यह जनवरी 2023 के पूरे महीने जारी रहेगा। इनमें से 30,000 कंबल अशोकनगर, श्योपुर, भोपाल, शाजापुर, उज्जैन, देवास, धार, रतलाम और मंदसौर समेत राज्य के 9 जिलों में वितरित किये जाएंगे।



इस साल के कैम्पेन का लक्ष्य पिछले संस्करण से काफी बड़ा है, जब कंपनी ने लगभग 220,000 कंबल वितरित किये थे। गिफ्ट वार्म्थ की शुरूआत 2015 में हुई थी, ताकि भारत में तेज सर्दी का सामना करने वाले नागरिकता से वंचित और बेघर लोगों की मदद की जा सके। वितरण की प्रक्रिया रिन्यू पावर के पवन एवं सौर संयंत्रों में होगी, जहाँ रिन्यू के कर्मचारी उन जिला अधिकारियों के साथ होंगे, जोकि लक्षित जिलों में लाभार्थियों की पहचान करेंगे। कैम्पेन की शुरूआत जिला स्तर पर विधिवत लॉन्च से होगी, जिसके बाद सावधानी से चुनी गई जगहों के आस-पास तहसील और ग्रामीण स्तर पर वितरण होगा। यह अभियान छोटे पैमाने के उन व्यवसायों की प्रत्यक्ष तौर पर सहायता करता है, जिनसे कंबल प्राप्त किये जाते हैं और इस प्रकार स्थानीय अर्थव्यवस्था को मदद मिलती है। कंबलों का वितरण रात में कंपनी के कर्मचारियों द्वारा शरणस्थलों पर दान के रूप में किया जाएगा।

इस कैम्पेन को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, रिन्यू पावर की चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर वैशाली निगम सिन्हा ने कहा, रिन्यू में,जरूरत पड़ने पर समुदायों को कुछ देना हमेशा से हमारा लक्ष्य रहा है और हमें गिफ्ट वार्म्थ के आठवें सफल संस्करण की शुरूआत करते हुए गर्व हो रहा है। हमारे देश के कुछ इलाकों में तेज ठंड पड़ती है, जिससे हर साल ऐसे कई लोग प्रभावित होते हैं, जो हमारे समाज के सबसे कमजोर तबकों से आते हैं। हमें यह समझने की जरूरत है कि यह जलवायु परिवर्तन का प्रत्यक्ष प्रभाव है, जिसमें हम थोड़े समय की, लेकिन तेज ठंड देख रहे हैं। हमें अपने उन कर्मचारियों पर गर्व है, जो बड़ी लगन से इस पहल के साथ जुड़े हैं और स्थानीय अधिकारियों के साथ जमीन पर काम करेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद की जा सके। आने वाले संस्करणों के लिये हमने अपने वितरण की संख्या को बढ़ाने और कॉर्पोरेशंस को इस तरह के अभियान चलाने और अपने साथी नागरिकों की ओर मदद का हाथ बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित करने की योजना बनाई है।

## वृक्ष मित्र सुनील दुबे ने भेंट किए दुर्लभ प्रजाति के पौधे




**भोपाल।** गटटानी की व्यंग्य कविताओं के संग्रहालय विमोचन किया गया। मंचासीन साहित्यकारों के साथ-साथ साहित्य अकादमी के निदेशक विकास दवे के साथ दुर्लभ प्रजाति लौंग तुलसी और सेन्सेविया स्नेक लोटस पौधे वृक्ष मित्र सुनील दुबे ने भेंट किए।

## स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय संबंधी बैठककल

**भोपाल ।** संभागायुक्त मालसिंह भयड़िया की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाएं एवं सामाजिक न्याय एवं निश्क्तजन कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक 28 दिसंबर, बुघवार को आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। संयुक्त आयुक्त विकास सुदर्शन कुमार सोनी ने बताया कि संबंधित विभाग के जिला अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए है। संयुक्त आयुक्त श्री सोनी ने बताया कि संबंधित विभाग के कार्यो की पीपीटी अनिवार्य रूप से संभागायुक्त कार्यालय में तत्काल भिजवाने के भी निर्देश दिए है।

# मध्यप्रदेश में खेलों पर बहुत अच्छा काम हुआ: अनुराग ठाकुर



भोपाल। मप्र में यूथ खेलों की तैयारी का जायजा लेने पहुंचे केंद्रीय खेल मंत्री अनुराज ठाकुर ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्य मध्यप्रदेश के कार्य का 60 से 70 प्रतिशत भी काम खेलों के लिए कहां तो भारत खेलों में विश्व की सबसे बड़ी शक्ति बनेगा।

उन्होंने मध्यप्रदेश की घुड़सवारी अकादमी के भ्रमण के दौरान कहा कि इतने बड़े कैंपस को मेंटेन करने के लिए काफी पैसों की जरूरत होती है। सरकार तो कर रही ही है, लेकिन इसके साथ ही दूसरे तरह से भी पैसे कैंपस से ही जुटाए जा सकते हैं। इसके लिए अकादमी के कैंपस के खाली पड़े स्थानों में दूसरे आयोजन जैसे शादी समारोह आदि किए जा सकते हैं। मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को मध्यप्रदेश की वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी, तात्या टोपे स्टेडियम, बॉक्सिंग अकादमी, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), एमपी हॉर्स राइडिंग और सूटिंग एकेडमी का किया निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की शूटिंग रेंज पर आकर ऐसा लगता है कि देश ही नहीं विश्व स्तर की बेस्ट शूटिंग रेंज में से एक है। बहुत अच्छी फैसिलिटी यहां पर है। घुड़सवारी अकादमी आप देखो।

मध्यप्रदेश में खेलों को लेकर बहुत अच्छा काम किया है। इसके लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने बहुत कुछ किया है। वे तारीफ के काबिल हैं। मध्यप्रदेश खेलों का हव बनता जा रहा है। जब देश का हर राज्य इतनी ही तेजी के साथ खेलों के क्षेत्र में काम करेगा। तो देश में खेल बढ़ेंगे। अगर अन्य राज्य 60 से 70 प्रतिशत भी खेलों के लिए काम करना शुरू कर दें तो भारत स्पोर्ट्स सुपर पावर बन सकता है।

**बंदूक भी थामी:** केंद्रीय मंत्री सबसे पहले टीटी नगर स्टेडियम पहुंचे। यहां से वे शूटिंग अकादमी भी पहुंचे। उन्होंने राइफल से निशाना साधा। उन्होंने 50 मीटर एयर राइफल में तीन गोली चलाईं। इसमें से पहला शॉट टारगेट से दूर रहा, लेकिन तीसरे निशाने में उन्होंने 9 अंक हासिल किए। शूटिंग में एक बार फायर करने पर अधिकतम 10 नंबर लिए जा सकते हैं। इसके बाद उन्होंने अभिनव बिंद्रा शूटिंग रेंज की 10 मीटर एयर राइफल में टारगेट लगाए। पहला फायर टारगेट तक पर नहीं लगा, लेकिन दूसरे में आधे अंक हासिकल किए और तीसरे शूट में उन्होंने 9 पॉइंट के टारगेट को हिट किया।

# मप्र की पहचान अब तकनीकी प्रधान राज्य के रूप में भी होगी

## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति का किया विमोचन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि अभी तक मध्यप्रदेश को कृषि प्रधान प्रदेश के रूप में जाना जाता था। मध्यप्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार नीति लागू होने के बाद अब प्रदेश की पहचान तकनीकी प्रधान राज्य के रूप में भी होगी। प्रदेश में इस नीति को तत्परता के साथ लागू किया जायेगा। नीति को तैयार करने में वैज्ञानिकों के अमूल्य योगदान की मुख्यमंत्री चौहान ने सराहना की।

मुख्यमंत्री चौहान ने सोमवाार को प्रशासन अकादमी भोपाल में मध्यप्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार नीति-2022 का विमोचन किया। उन्होंने नीति के उद्देश्यों एवं प्रमुख बिन्दुओं पर प्रकाश भी डाला। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि इस नीति के प्रमुख तीन उद्देश्य हैं। वैज्ञानिक सोच और समझ को दैनिक जीवन का अंग बनाना, सरकार और समाज में आधुनिक तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग करना और नया सोचने, नया सीखने और नई पहल करने वाली पीढ़ी का निर्माण करना। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में विज्ञान का लोक व्यापीकरण किया जायेगा। इसके लिये सब मिल कर प्रयास करेंगे। जिज्ञासा बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करती है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण हमारी जिंदगी बदल देता है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि यदि इच्छा शक्ति हो, तो व्यक्ति बड़े से बड़ा काम कर सकता है। विज्ञान और आध्यात्म एक-दूसरे के सहयोगी हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में राज्य नवाचार कोष की स्थापना की जायेगी। भारतीय ज्ञान परम्परा को आगे बढ़ाने में विज्ञान और तकनीकी का पूरा उपयोग किया जायेगा। मध्यप्रदेश आध्यात्म और विज्ञान की दृष्टि से बहुत समृद्ध है। भारतीय कैलेण्डर अधिक सटीक और वैज्ञानिक है। मध्यप्रदेश का उज्जैन शहर प्राचीन काल-गणना का महत्वपूर्ण केन्द्र रहा है।



मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि हम आज के युग में डाटा की महत्वता समझते हैं। कोडिंग लेब, क्यूरोसिटी लेब के लिए प्रयास करेंगे। भारतीय ज्ञान परम्परा का प्रभावी उपयोग करेंगे। हम आध्यात्म और विज्ञान में अग्रणी रहे हैं। वैद्य नाड़ी देख कर ही बीमारी का पता कर लेते हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि भारत की 5 ट्रिलियन की इकॉनोमी में मध्यप्रदेश 550 बिलियन का योगदान करेगा।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री ओमप्रकाश सकलेचा ने कहा कि नये प्रयोगों से जन-सामान्य को सुविधाएं पहुंचाई जा रही है। गाँव-गाँव तक विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाई जा रही है। प्रदेश के हर व्यक्ति का जीवन आनंदमय हो, इसके लिये मुख्यमंत्री चौहान लगातार प्रयासरत हैं। आने वाली पीढ़ी को टेक्नालॉजी के माध्यम से अच्छा वातावरण दे सकते हैं। प्रधानमंत्री जी ने जय विज्ञान-जय अनुसंधान%% का नारा दिया है। इस दिशा में प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। विज्ञान के प्रति जागरूकता को पूरे भारत में नंबर-1 पर लाने की कोशिश होगी।

प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी निकुंज रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में टेक्नालॉजी और नवाचार से ही सुशासन स्थापित किया जा सकता है। यह नीति मुख्यमंत्री चौहान के विजन को प्रस्तुत करती है। अधिकाधिक छात्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी की पढ़ाई को चुनेंगे। निवेश, रोजगार बढ़ेगा और अर्थ-व्यवस्था सुदृढ़ होगी। प्रो. रजत मोना ने कहा कि आज हम मध्यप्रदेश शासन के साथ एमओयू साइन कर रहे हैं, जिससे सेन्टर फॉर केपेसिटी बिलिंग की स्थापना होगी। भारत सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद ने कहा कि यह पालिसी यूनिक है, जो बहुत कम स्टेट में है। इससे बहुत प्रभाव पड़ेगा। मध्यप्रदेश की साइंस इकोसिस्टम को सुदृढ़ करेगी। पॉलिसी महत्वपूर्ण विषयों का समावेश है, जो सराहनीय है। अटल बिहारी वाजपेयी नीति विश्लेषण संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश के लिए यह पॉलिसी महत्वपूर्ण कदम है। प्रदेश 550 बिलियन डॉलर का योगदान की भूमिका में साइंस एवं टेक्नोलॉजी का महत्वपूर्ण योगदान होगा। इंडियन इन्स्टीटयूट ऑफ साइंस में प्रो. सूद का महत्वपूर्ण सराहनीय योगदान है। केपेसिटी बिल्डिंग कमीशन में बेहतर कार्य हो रहा है। टेक्नालॉजी कई क्षेत्रों में कार्य कर सकती है। ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचे। मध्यप्रदेश में डिजिटल टेक्नालॉजी में महत्वपूर्ण कार्य हुआ है। गुजरात और हिमाचल प्रदेश के बाद मध्यप्रदेश तीसरा राज्य बन गया है।

पद्मविभूषण विजय कुमार सारस्वत ने कहा कि साइंस टेक्नोलॉजी को हम महसूस कर रहे हैं। हमारे जीवन में साइंस- टेक्नालॉजी से सुधार हुआ है। साइंस को समाज के साथ जोड़ कर पूरा उपयोग किया जा सकता है। समाज की प्रगति के लिए साइंस का समाज के साथ जोड़ना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि इनोवेशन को आगे बढ़ायें। आज हमारी साइंस-टेक्नालॉजी को गति मिली है। आईआईटी गांधीनगर और मध्यप्रदेश शासन के बीच एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। आईआईटी इंदौर से भी एमओयू हुआ। अतिथियों को स्मृति-चिन्ह भेंट किए गए।

# महापौर ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की



**भोपाल ।** महापौर मालती राय ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रेतघाट चौराहा व्हीआईपी रोड स्थित डॉ. शर्मा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. शर्मा के परिजन भी मौजूद थे।

# सही जीवनशैली से बनेगा अच्छा स्वास्थ्य: डॉ. नलगे

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सुख शांति भवन द्वारा मेरी गोल्ड गार्डन लालघाटी में 4 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुम्बई के जाने-माने हेल्थ कौसिलर डॉ. दिलीप नलगे ने कहा कि सर्वांगीण स्वास्थ्य के लिए सही जीवनशैली का ज्ञान होना जरूरी है। वर्तमान भागदौड़ की जिन्दगी में उचित आहार, विचार, व्यवहार, निद्रा और व्यायाम का जीवन में अभाव सा हो गया है। परिणाम स्वरूप अव्यस्थित जीवनशैली के कारण लोग अनेकानेक घातक बिमारियों का शिकार होते जा रहे हैं। डॉ. नलगे प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, सुख शांति भवन, भोपाल द्वारा मेरी गोल्ड गार्डन, लालघाटी में आयोजित 4 दिवसीय कार्यक्रम कर लो स्वास्थ्य मुट्ठी में के द्वितीय सत्र में बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि वात, पित्त और कफ के अनुसार अपनी प्रकृत्ति को पहचान कर आहार करें तो हम बहुत सारी बिमारियों से बच सकते है। लेकिन इसके लिए यह जानना होगा कि कब खाना है, क्या खाना है और कैसे खाना है। यह हरेक व्यक्ति के लिए मौसम और प्रकृत्ति के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। इसकी जानकारी वह कल के सत्र में बतलाएंगे। डॉ. नलगे ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए पाँच बातों का जीवन में समावेश करना आवश्यक है- 1. उचित आहार, 2. मधुर व्यवहार, 3. शारीरिक व्यायाम, 4. राजयोग मेडिटेशन और 5. सही जीवनशैली। आयुर्वेद का कहना है कि सही आहार लेने से दवाई की जरूरत नहीं होती है। इसी तरह अगर सही आहार नहीं लेते हैं तो दवाई भी कुछ नहीं कर सकती है। हमारा आहार सबसे बड़ी औषधि है। जो व्यक्ति गुस्सा नहीं करता है, अल्कोहल नहीं लेता है, सबसे मधुर व्यवहार करता है, उसका स्वास्थ्य हमेशा अच्छा बना रहता है। यह सभी बातें औषधि की तरह हमें स्वस्थ बनाने में मदद करती हैं। उन्होंने बतलाया कि सामाजिक स्वास्थ्य के अभाव में भारत में डायबिटिजके रोगी इतनी तेजी से बढ़ रहे हैं कि हमारा देश आजकल डायबिटिज की राजधानी माना जाने लगा है। अनुसंधान से पता चला है कि इसका प्रमुख कारण सम्बन्धों में कटुता अथवा तनाव होना है। यदि हम सभी के प्रति अच्छा व्यवहार और सहयोग की भावना रखें तो इस बिमारी से बचा जा सकता है।



# मुझे बदनाम करने का षडयंत्र कर रही है कांग्रेस : गोविन्द सिंह राजपूत

**भोपाल ।** राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस उन्हे जानबूझकर बदनाम करने का षडयंत्र रच रही है । कांग्रेस द्वारा आयकर विभाग में की गई शिकायत पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि यह जानबूझकर कांग्रेस द्वारा किया गया षडयंत्रकारी और राजनीति से प्रेरित कदम है । श्री राजपूत ने कहा कि जो दस्तोवेज पूर्व से ही लोक दस्तावेज होने के कारण आनलाईन उपलब्ध है, उन्हीं दस्तावेजों को आधार बनाकर कांग्रेस असत्य और अनर्गल प्रचार कर रही है । श्री राजपूत ने कहा कि विपक्ष स्तरहीन राजनीति पर उतर आया है । समय आने पर कांग्रेसियों की इस हरकत पर सुरखी विधानसभा क्षेत्र की जनता करारा जवाब देगी।



# रातीबाद पंचायत सचिव निलंबित एवं अन्य सचिवों का वेतन रोका

**भोपाल ।** जिला पंचायत में आयोजित बैठक को स्वच्छ भारत मिशन एवं मनरेगा योजनान्तर्गत कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में ज.प. फंदा में पदस्थ उपयंत्री, सचिव एवं ग्रा.रो. सहा. उपस्थित रहे, बैठक प्रात: प्रारंभ होकर देर सायं तक आयोजित की गई। बैठक में ज.पं. फदा की समस्त ग्राम पंचायतों की समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत रातीबड की समीक्षा के दौरान स्वच्छ भारत मिशन एवं मनरेगा योजनान्तर्गत कार्य समयावधि में पूर्ण न किये जाने के कारण रातीबड में पदस्थ सचिव सतीश नामदेव को निलंबित किया गया एवं ग्राम पंचायत बगरौदा, परवालियासडक, खौरी, आदमपुर छावनी में पदस्थ सचिव एवं जी. आर.एस. के 5 दिवस से 15 दिवस एवं ग्राम पंचायत नांदनी में पदस्थ सचिव द्वारा जी.पी.एस. रिपोर्ट पर उपलब्ध जानकारी को गलत बताया गया ततपश्चात उक्त जानकारी को जीपीएस की प्रति दिवस की जानकारी से मिलान करने पर संबंधित सचिव द्वारा दी गई जानकारी गलत पाये जाने पर 1 माह का वेतन कटोत्रा किया गया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा उपयंत्री, पंचायत सचिव, जी. आर. एस. को समय-सीमा में सौंपे गये दायित्व पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कचरा गाडी का प्रतिदिन संचालन किये जाने एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ टैक्स कलेक्शन किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# प्रदेश में 5 फिल्म और 2 वेब सीरीज की शूटिंग होगी

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



फिल्म-वेब सीरीज की शूटिंग के लिए मध्यप्रदेश सेंट्रल हब के रूप में विकसित मध्ययप्रदेश में देश के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक प्रदेश फिल्म टूरिज्म पॉलिसी से प्रभावित होकर शूटिंग के लिए प्रेरित हो रहे हैं। इसी क्रम में प्रोडक्शन हाउस ओम स्पोर्टमेंट प्रदेश में 5 फिल्म और 2 वेब सीरीज शूट करेगा। कंपनी ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और म.प्र. पर्यटन विकास निगम के साथ एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किये हैं। प्रोडक्शन हाउस इन प्रोजेक्ट्स में 5 साल में 50 करोड़ रुपए का निवेश भी करेगा।

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति और प्रबंध संचालक, म.प्र. टूरिज्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला की मौजूदगी में बोर्ड के अपर प्रबंध संचालक विवेक श्रोत्रिय ने एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किये। ओम स्पोर्टमेंट की ओर से प्रोड्यूसर आशिम खेत्रपाल और सुश्री राधिका खेत्रपाल मौजूद थे। एम.ओ.यू. के अनुसार कंपनी द्वारा स्थानीय कलाकारों को प्रशिक्षण देकर वेब सीरीज में मौका दिया जाएगा। प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों का प्रचार भी होगा। कंपनी की प्रोड्यूसर सुश्री राधिका खेत्रपाल ने कहा कि आज हुआ एम.ओ.यू हमारे लिए गर्व की बात है। पर्यटन विभाग का हमेशा फिल्मकारों को सराहनीय सहयोग रहा है। हम प्रदेश में 7 प्रोजेक्ट शूट करेंगे। सभी की स्क्रिप्ट तैयार है। पहली फिल्म 'चिल्ड्रन ऑफ गॉड' की शूटिंग जनवरी-2023 में शुरू होगी और अक्टूबर में रिलीज की जाएगी।

# भाजपा को खुद का न्यायालय भी बना लेना चाहिए: संगीता शर्मा

**भोपाल।** भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने हिंदू समुदाय से अपने घरों में हथियार रखने के लिए कहा है, सब्जी वाले चाकू की धार तेज करके रखने को कहा है। इस बयान पर प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग की उपाध्यक्ष संगीता शर्मा ने सवाल किया है- प्रज्ञा जी क्या आप कुछ छोटे समुदायों से हम बड़े समुदायों को डराना चाहती हैं?यहां जारी बयान में उन्होंने कहा है कि जब भाजपा के नेताओं को न्यायालय पर कानून व्यवस्था पर बिल्कुल भी भरोसा नहीं है तो अच्छा होगा भाजपा को खुद का न्यायालय भी बना लेना चाहिए, जिसमें सांसद प्रज्ञा ठाकुर,मंत्री उषा ठाकुर और विधायक रामेश्वर शर्मा जैसे नेताओं को न्यायाधीश के तौर पर नियुक्त भी कर देना चाहिए।

उन्होंने माननीय सर्वोच्च न्यायालय और माननीय उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीशों से अनुरोध किया है कि इन भाजपा नेताओं के ऐसे हिंसात्मक व भड़काऊ बयानों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए इन पर कार्यवाही करना चाहिए! जिससे न्यायालय का सम्मान और गरिमा बनी रहे। साथ ही सांसद प्रज्ञा जी से कहा है- आपको शर्म आनी चाहिए जहां आपने यह बयान दिया है वहां कर्नाटक में आपके फर्जी राष्ट भक्तों की ही सरकार है।

# निगम ने गंदगी फैलाने वालों पर 16 हजार रूपये का किया स्पॉट फाईन




भोपाल । नगर निगम द्वारा शहर में गंदगी फैलाने वालों की खिलाफ निरंतर कार्यवाही की जा रही ह्वस्त्रद्व ड्डह्ड्डद्व सोमवार को जुर्माने की कार्यवाही की गई जिसमें 16 हजार रुपए वसूले गए । नगर निगम बीमारियों की रोकथाम हेतु कीटनाषक दवाई के छिड़काव के साथ ही जन जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है और घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं पानी से भरे खाली प्लाटों का निरीक्षण निरंतर किया जा रहा है तथा डेंगू लार्वा पाये जाने पर संबंधित भूखण्ड/आवास के भू स्वामियों व संस्थानों के संचालकों एवं प्रतिबंधित पॉलीथीन के विक्रय, उपयोग तथा गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही भी की जा रही है। निगम अमले ने डेंगू लार्वा के 03 प्रकरणों में 300 रूपये, प्रतिबंधित पॉलीथीन के 66 प्रकरणों में 7 हजार 250 रूपये तथा गंदगी फैलाने सहित 98 अन्य प्रकरणों में 16 हजार 150 रूपये स्पॉट फाईन वसूल किया।

# स्वामी विवेकानंद कॉलेज में वर्चुअल रोजगार मेला आयोजित

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, बैरसिया में रोजगर के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्चुअल जॉब मेले में 120 युवाओं का पंजीयन किया गया। मेला विश्व बैंक परियोजना एवं कैरियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत ऑनलाइन ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में सक्सेस स्टेयर्स ग्रुप के द्वारा 120 विद्यार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजू तिलंथे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. तिलंथे ने बताया कि प्रथम दिवस रोजगार के संबंध में संवाद करते हुए सक्सेस स्टेयर्स ग्रुप के चेयरमेन कुलदीप चौधरी, एच.आर. पूनम चढ़ोकर ने आईसीआईसीआई, जस्ट डायल, लर्निंग स्कायर और अन्य कंपनियों के संबंध में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को कंपनी के बारे जानकारी दी। दूसरे दिन ऑनलाइन जॉब मेले में संबंधित कंपनी ने विद्यार्थियों को उनके रोजगार के संबंध में जानकारी दी और तीसरे दिन विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया गया।

चयनित विद्यार्थियों का आफलाइन साक्षात्कार लेने के उपरांत ऑफर लेटर दिए जाएंगे। विद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. आर.एस पाल ने बताया कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में विद्यालय में जॉब मेले का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आगे भी कॉलेज में इसी तरह जॉब मेले का आयोजन करेंगे जिससे विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

# एम्स निदेशक ने कोविड-19 की तैयारियों की समीक्षा की

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

प्रो. (डॉ.) अजय सिंह, कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता में चिकित्सा अधीक्षक और क्लिनिकल विभागों के विभागाध्यक्ष के साथ एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई । बैठक में निदेशक ने कहा कि यद्यपि भारतीय जनसंख्या प्रतिरक्षात्मक है लेकिन एक सक्रिय उपाय के रूप में इस तरह की किसी भी घटना के लिए एम्स, भोपाल को तैयार रहने की आवश्यकता है । उन्होनें बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को इस प्रकार की किसी भी चुनौती से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया। उन्होंने अस्पताल के भंडारगृहों में उपलब्ध दवाओं और उपभोग्य सामग्रियों की उपलब्धता की स्थिति की समीक्षा की।



निदेशक ने कहा कि पंजीकरण काउंटर के पास ओपीडी के जी-03 क्षेत्र में कल तक बुखार (फीवर) क्लीनिक की स्थापना की जाएगी । जिन रोगियों को बुखार की कोई शिकायत है, उन्हें आगे के प्रबंधन के लिए एमएसएसओ, सुरक्षा और अस्पताल के अन्य कर्मचारियों द्वारा बुखार क्लिनिक में भेजा जाएगा। बुखार से पीड़ित मरीजों से भी अनुरोध है कि वे सीधे जी-03 क्षेत्र के फीवर क्लीनिक में रिपोर्ट करें। संदिग्ध रोगियों के गले/नाक के नमूनों के संग्रहण के लिए कल तक आपातकालीन चिकित्सा प्रवेश द्वार के पास दो नमूना संग्रहण कियोस्क स्थापित किए जाएंगे। बैठक में प्रो. देबासिस बिस्वास, विभागाध्यक्ष माइक्रो बायोलॉजी ने बताया कि विभाग जीनोम सीक्वेंसिंग (अनुक्रमण) के लिए नमूने प्राप्त कर रहा है और विभाग पहले से ही नमूनों के प्रसंस्करण में सक्रिय रूप से शामिल है। कोविड टीकाकरण का कार्य पूर्व की भांति आयुष भवन में चलता रहेगा।

स म्पा द की य

# हॉलिडे हार्ट सिंड्रोम से सावधान!

इन दिनों हृदयाघात यानि हार्ट अटैक की समस्या कोविड के जैसी विकराल होती दिख रही है। पिछले कोई कई महीनों से देखने और सुनने में आ रहा है कि कम उम्र के लोगों में हार्ट अटैक बढ़ रहे हैं और अटैक आते ही मौत भी हो रही है। कोई कह रहा है कि कोविड के कारण एक तो इम्युनिटी कम हुई है, दूसरे कोविड की दवाओं ने नसों के जाम होने की गति बढ़ा दी है। तो कुछ लोग यह भी कहने लगे हैं कि कोविड के टीके और बूस्टर डोज के कारण हार्ट अटैक बढ़े हैं।

इन आकस्मिक अटैक को लेकर कोई अधिकृत कारण या तथ्य सामने नहीं आए हैं और न ही कोई लाना चाह रहा है। अब सर्दी का मौसम जब अपने शबाब पर आ रहा है, ऐसे में फिर अटैक का खतरा बढ़ गया है। और इस बीच एक नए ऐसे सिंड्रोम की बात सामने आ रही है, जिसके चलते हार्ट अटैक बढ़ने का दावा किया जा रहा है। इसका नाम है हॉलिडे हार्ट सिंड्रोम। यही कारण है कि कई स्वास्थ्य विशेषज्ञ छुट्टियों-त्योहारों के सीजन में हार्ट अटैक के खतरे को लेकर लोगों को सावधान करते हैं।

विशेषज्ञ कहते हैं कि हॉलिडे हार्ट सिंड्रोम नाम की इस समस्या के कारण हर साल कई लोगों को जान गंवानी पड़ जाती है। हॉलिडे हार्ट सिंड्रोम हृदय की उन समस्याओं को संदर्भित करता है, जो उत्सवों के दौरान खान-पान को लेकर बरती गई लापरवाही के कारण होती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अक्सर लंबी छुट्टी-पार्टियों के दौरान खान-पान को लेकर लोग लापरवाही बरतने लगते हैं, जिसमें नमकीन खाद्य पदार्थों और शराब का अधिक सेवन शामिल है। इस तरह की चीजें हृदय गति को आसामान्य रूप से बढ़ा सकती है, जिसकी अनियंत्रित स्थिति में हार्ट अटैक होने का खतरा रहता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि क्रिसमस और न्यू इयर के उत्सवों के दौरान इन्हीं लापरवाहियों के कारण वैश्विक स्तर पर हार्ट अटैक का खतरा थोड़ा नहीं, 15 प्रतिशत तक बढ़ जाता है।

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है कि हॉलिडे हार्ट सिंड्रोम, छुट्टियों के दौरान होने वाली हृदय की गंभीर समस्याओं की स्थिति है। वैसे तो हार्ट अटैक की दिक्कत साल में कभी भी हो सकती है, पर आमतौर पर छुट्टियों के सीजन के दौरान देखा जाता है लोगों में मादक पेय और उच्च कैलोरी वाले आहार का सेवन काफी बढ़ जाता है। और उसे संतुलित करने के लिए लोग कोई उपाय नहीं करते। इस तरह की चीजें हृदय गति बढ़ने, आर्टरी की समस्याओं का कारण बन सकते हैं, जिनपर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो इसके कारण दिल का दौरा और मृत्यु तक हो सकती है।

हॉलिडे हार्ट सिंड्रोम से बचना काफी आसान है बस इसके लिए कुछ बातों पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता होती है। छुट्टियों-त्योहारों के मौसम में खान-पान को लेकर किसी तरह की लापरवाही न बरतें। नमक वाली चीजों का सेवन संयमित मात्रा में ही करें क्योंकि इससे ब्लड प्रेशर बढ़ने का खतरा रहता है। इसके अलावा हॉलिडे हार्ट सिंड्रोम के सबसे ज्यादा मामले अधिक शराब के सेवन के कारण सामने आते हैं इससे बचाव किया जाना सबसे जरूरी होता है। स्वास्थ्य के उपायों में हलकी फुलकी एक्सरसाइज की जा सकती है। योगाभ्यास इसमें सबसे अधिक सहायक हो सकता है, बशर्ते तरीके से किया जाए। सामान्य योगाभ्यास के लिए किसी प्रशिक्षक की आवश्यकता नहीं होती। बस गति का ध्यान रखना होगा। जैसे अधिक गति ही जिम में कई बार खतरनाक हो जाती है। हम अपने शरीर की सहनशीलता से अधिक गति की एक्सरसाइज करेंगे तो खतरा बना ही रहेगा। जिम जाने वालों को इसी से खतरा बढ़ रहा है।

लोग वाक करते हैं। बहुत अच्छा है। लेकिन शरीर की क्षमताओं को ध्यान में रखकर ही वाक भी करना चाहिए। विशेषज्ञ कहते हैं कि उच्च रक्तचाप यानि हाई बीपी वालों को एकदम सुबह घूमने से बचना चाहिए। सोकर एकदम उठकर नीचे पांव रखना भी खतरनाक हो जाता है। नंगे पांव बाथरूम में जाने से भी बचना चाहिए। सोने के दौरान थोड़ा भी गड़बड़ महसूस हो, उठकर बैठें और लंबी गहरी सांस लें। ज्यादा दिक्कत हो तो अस्पताल जाने में लापरवाही न करें। मौसम और हॉलिडे हार्ट सिंड्रोम से सावधान रहें, स्वस्थ रहें।

कानून और न्याय

# मौलिक कर्तव्यों का पालन करना समय की जरुरत

**विनय झैलावत**

सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक अभिभाषक दुर्गादत्त ने एक लोकहित याचिका प्रस्तुत की है। इस याचिका में में याचिकाकर्ता ने देश के नागरिकों द्वारा मौलिक कर्तव्यों के पालन और क्रियान्वयन के लिए विचार करने तथा उचित कदम उठाने का निवेदन किया गया। याचिकाकर्ता के अनुसार मौलिक कर्तव्यों के पालन न करने से भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 19 और 21 में देश के नागरिकों को प्रदत्त मौलिक अधिकारों पर प्रत्यक्ष असर पड़ता है। सर्वोच्च न्यायालय ने संबंधित पक्षों से चार सप्ताह में याचिका का उत्तर प्रस्तुत करने को कहा है। भारत सरकार की ओर से सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया कि चूंकि इस संबंध में जरुरी जानकारियां कई विभागों से आने वाली हैं। इसमें कुछ समय लग रहा है। उन्होंने स्वीकार किया कि केंद्र सरकार की तरफ से देरी हुई है। इन्होंने विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय मांगा है।

इस याचिका पर भारत के एटार्नी जनरल वेणुगोपाल ने आपत्ति जताई थी। उनका कहना था कि कर्तव्यों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा 'जबरदस्त काम' किया गया है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता को इस याचिका को प्रस्तुत करने से पहले तथ्यों को पता लगाने के लिए शोध करना चाहिए था। एजी ने कहा कि कर्तव्यों को लागू करने के लिए एक कानून बनाने की प्रार्थना बिल्कुल भी विधि सन्मत नहीं है। क्योंकि, न्यायालय द्वारा संसद को कोई परमादेश जारी नहीं किया जा सकता है। इस मामले में न्यायालय ने नोटिस जारी किया था। सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा कि क्या रंगनाथ मिश्रा बनाम भारत संघ और अन्य के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुसरण में कोई कदम उठाए गए, जिसमें केंद्र को निर्देश जारी किए गए थे। मौलिक कर्तव्यों के क्रियान्वयन पर न्यायमूर्ति जेएस वर्मा समिति की रिपोर्ट की सिफारिशों के कार्यान्वयन के लिए शीघ्रता से विचार करने और उचित कदम उठाने के लिए भी कहा था।

इस याचिका में यह भी कहा गया है कि कुछ कानूनों को छोड़कर मौलिक कर्तव्यों के प्रवर्तन के लिए न तो कोई समान नीति है और न कोई व्यापक कानून। याचिका के अनुसार हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत और जंगलों, झीलों और वन्य जीवन सहित पर्यावरण की रक्षा, सुधार करना और जीवित प्राणियों के लिए दया करना समय की जरुरत है। इस देश के लोगों का यह कर्तव्य होना चाहिए कि वे देश की अखंड़ता को बनाए रखे। याचिकाकर्ता ने लोगों को संवेदनशील बनाने तथा मौलिक कर्तव्यों के संबंध में नागरिकों को जानकारी देने एवं इस संबंध में आवश्यक मार्गदर्शक सिद्धान्तों एवं नियमों के बनाने की प्रार्थना भी सर्वोच्च न्यायालय से की है।




इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति रोहिंटन एफ नरीमन द्वारा न्यायमूर्ति वीएम तारकुंडे वार्षिक व्याख्यान माला में इस विषय पर दिया गया व्याख्यान अत्यंत ही विचारोतेजक है। मौलिक अधिकार संविधान के भाग चार में सम्मिलित है। ये नागरिकों के नागरिक कर्तव्यों की बात करते हैं। इसमें पहला मौलिक कर्तव्य संविधान, उसकी संस्थाओं, राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज का पालन करना है। एक भारत का नागरिक जब तक संविधान का पालन कैसे करेगा, जब तक कि उसे यह जानकारी नहीं होगी कि संविधान की परिकल्पना क्या है ? ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है, कि संविधान में वर्णित मौलिक कर्तव्य तथा अधिकार जन-जन तक पहुंचे तथा भारत का नागरिक यह जाने कि भारतीय संविधान में उसके कर्तव्य और अधिकार क्या है?

इसलिए सरकार का यह कर्तव्य है कि वह भारत के संविधान को हर भाषा में देश में व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि नागरिक जागरूक हो तथा उसे मालूम हो कि संविधान में क्या है और उसके अधिकार क्या हैं! यह महत्वपूर्ण है कि इन नैतिक कर्तव्यों को आम जनता को बताया जाए। इस प्रचार प्रसार का सही तरीका यह होना चाहिए कि वर्तमान सरकार भारत के संविधान की 22 निर्धारित क्षेत्रीय भाषाओं में निःशुल्क प्रतियां वितरित करें। इससे प्रत्येक नागरिक यह जानेगा कि संविधान का यह मूल दस्तावेज क्या है और उसके अधिकार और कर्तव्य क्या हैं।

संविधान में कहा गया है कि राष्ट्र की संप्रभुता और एकता को बनाए रखना चाहिए। इसके लिए हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष के ज्ञान और उन्होंने जो किया उसकी सराहना की जाना जरूरी है। इन सेनानियों ने क्या किया है जब तक की इसकी जानकारी आपको नहीं होगी कि उन्होंने क्या किया है तब तक आप उनके प्रति राष्ट्र कृतज्ञता कैसे ज्ञापित करेगा। अनुच्छेद 51ए में चैथा मौलिक कर्तव्य है। जब आपको राष्ट्र की रक्षा करने के लिए कहा जाता है, तो आपको ऐसा करना चाहिए। और पांचवां मौलिक कर्तव्य धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय या अनुभागीय विविधताओं से परे भारत के सभी लोगों के बीच सद्भाव और सामान्य भाईचारे की भावना को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण हैं। महिलाओं की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करना, मौलिक कर्तव्य भी अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। इसे संविधान की प्रस्तावना में स्पष्ट रूप से कहा गया है।

सर चार्ल्स नेपियर (ब्रिटिश काल में अंग्रेज जनरलों में से एक) ने एक बार घर एक संदेश भेजा था। इसमें कहा गया था कि 'पेकावी' (जिसका लैटिन में अर्थ है 'मैंने पाप किया है')। यह तब का किस्सा है जब वे सिंध प्रांत जनरल थे। इसने सड़क पर जा रहे लोगों के जुलूस से पूछा 'इस गरीब महिला के साथ क्या कर रहे हो! तुम उसे इस तरह क्यों तंग कर रहे हो! इसका उत्तर यह दिया गया कि उस समय एक प्रथा प्रचलन में थी कि जब पति की मृत्यु हो जाती है, तो पत्नी अपने पति के साथ उसके स्वर्गीय निवास में जाती है और जौहर करती है। यह केवल उसे जबरन चिता पर फेंकने से ही हो सकता है। इस पर जनरल ने कहा कि क्या ऐसा है? बहुत अच्छा, तुम अपनी रीति निभाते हो। लेकिन, हमारा एक और रिवाज है। हमारी प्रथा है कि निर्दोष महिलाओं को उकसाने या उनकी हत्या करने वालों को फांसी दी जाती है। इसलिए तुम अपनी रीति निभाओ और हम अपनी रीति निभाएंगे। इसके बाद सती प्रथा बंद हो गई थी।

अब इन महान उपदेशों के अलावा हमारा एक मौलिक कर्तव्य भी है। हिंसा का त्याग करना। हमारी 'समग्र संस्कृति' का सम्मान करना हमारा महान मौलिक कर्तव्य है। जहां तक हमारे राष्ट्र का संबंध है, भाईचारा बहुत महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से इस समय और इसका एक उपाय यह है कि दीवानी न्यायालयों को किसी भी नागरिक द्वारा नफरत फैलाने वाले भाषण के खिलाफ मुकदमे पर कार्यवाही करना चाहिए। आजकल अभद्र भाषा का चलन बढ़ा है। देश के प्रधानमंत्री सहित अनेकानेक प्रतिष्ठित लोगों के विरूद्ध अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। यह कुछ ऐसा है जो सद्भाव को और भाईचारे को बाधित करता है। इसलिए जिस क्षण कोई नागरिक अभद्र भाषा के संबंध में एक दिवानी दावा (हमेशा व्यवहार प्रक्रिया संहिता की धारा 9 के तहत बनाए रखने योग्य) दायर करता है, तो न्यायालय भ्रातृत्व के मौलिक कर्तव्य के कारण एक घोषणा और निषेधाज्ञा जारी कर सकता है। दंडात्मक हर्जाना भी दिया जा सकता है। अगर एक न्यायालय दिवानी मुकदमे का संज्ञान लेती है तो यह भ्रातृत्व को बनाए रखने और उसकी रक्षा करने की दिशा में एक लंबा रास्ता बन सकता है।

सर्वोच्च न्यायालय का एक हाल ही में दिया गया आदेश कहता है कि संबंधित प्राधिकरण को उस समय कार्रवाई करनी चाहिए, जब अभद्र भाषा का प्रयोग होता है। यदि अधिकारी कार्रवाई नहीं करते हैं तो यह न्यायालय की अवमानना होगी। यह सही दिशा में एक अच्छा कदम है। इस मौलिक कर्तव्य को लागू करने के लिए एक दिवानी मुकदमा एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम है। मौलिक अधिकारों तथा राज्य नीति के निर्देषक सिद्धांतों के विपरित न्यायालय की भूमिका क्या है, कानून इस पर मौन है। अभद्र भाषा से प्रभावित नागरिकों को दिया गया एक संवैधानिक अधिकार किसी भी कानून से ऊपर होकर यह संविधान का एक हिस्सा है। इसलिए यदि वास्तव में भ्रातृत्व के मुख्य सिद्धांत संविधान की प्रस्तावना में निहित है तो यह एकमात्र संवैधानिक तरीका है।

यह राष्ट्र की एकता और अखंड़ता को तथा नागरिकों की गरिमा सुनिश्चित करता है। इस संबंध में वर्जीनिया बोर्ड ऑफ़ एजुकेशन बनाम बार्नेट में जस्टिस जैक्सन के प्रकरण में दिया गया फैसला महत्वपूर्ण है। यह 1943 के पुराने वर्ष का यहोवा का साक्षी मामला था। इसमें यहोहा के साक्षियों के एक समूह ने अमेरिकी ध्वज को सलामी देने से इंकार कर दिया था और जस्टिस जैक्सन ने उनका समर्थन किया था। झंडे को सिर्फ इसलिए सलामी नहीं देना सही है, क्योंकि उन्हें इससे गंभीर ईमानदार धार्मिक आपत्ति थी।

जहां तक हमारे महान देश का संबंध है, ये शब्द अमेरिका के विपरीत इस देश की विशाल विविधता के कारण और भी अधिक लागू होते हैं। न्यायमूर्ति जैक्सन ने कहा था कि अगर हमारे संवैधानिक नक्षत्र में कोई निश्चित सितारा है, तो वह यह है कि राजनीति, राष्ट्रवाद, धर्म या किसी अन्य राज्य के मामले में किसी अधिकारी, उच्च या क्षुद्र को यह निर्धारित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जब किसी भी अधिकारी को हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं दी जाती है, तभी विविधता एकता बन जाती है, अन्यथा यह संभव नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति चिनप्पा रेड्डी ने बिजॉय इमैनुएल (1986) के मामले में अपने फैसले को इन शब्दों से समाप्त किया था। उन्होंने अपने फैसले के अंत में लिखा था कि हमारी परंपरा सहिष्णुता सिखाती है। हमारा दर्शन सहिष्णुता का उपदेश देता है। हमारा संविधान संहिष्णुता का अभ्यास करता है। आइए हम इसे कमजोर न करें।

# 'पंक्ति में खड़े अंतिम आदमी' की भी खबर लीजिये

**-राकेश दुबे**

मध्यप्रदेश भाजपा के एक बड़े नेता, पूर्व मंत्री प्रतिदिन के कुछ पिछले अंकों से नाराज हैं। अपना रोष व्यक्त करते हुए उन्होंने भारत सरकार के कुछ आंकड़ों तक को पूर्वाग्रही साबित करने तक से गुरेज़ नहीं किया। उनका अध्ययन क्षेत्र और दृष्टिकोण वे जानें। बेचारे, मेरे इस सवाल का जवाब नहीं दे सके कि देश में विकास की गति को तीव्र करने का अर्थ क्या चुनिंदा लोगों का अरबपति से खरबपति हो जाना है? यह विषय कोरोना दुष्काल की गुजरी लहरें और आगामी संकेत पर उनसे हुई बातचीत से उद्धृत हुआ था। मैं क्या देश का हर नागरिक कोरोना प्रतिबंधों से मुक्त होने के बाद देश के आर्थिक विकास की उम्मीद कर रहा था ,लेकिन यह विकास क्या सार्वजनिक क्षेत्र की जगह निजी क्षेत्र के प्रभुत्व से बनेगा, इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी।


वास्तव में आज देश में एक ओर धनकुबेरों की एक जमात है, जो निरंतर बढ़ रही है। उनका अनुसरण और भी बहुत से लोग करने में लगे हैं जो अपनी झोंपड़पट्टी को प्रासादों में तब्दील कर देना चाहते हैं। इसका परिणाम क्या? भारत पूरी दुनिया में नैतिकता का अलम्बरदार रहा है ।हाल में जी 20 में अपनी अध्यक्षता शुरू करते हुए नरेंद्र मोदी ने भी 'वसुधैव कुटुम्बकम' कहा। सवाल यह है यह है देश में कहां है यह आदर्श? निश्चय ही रोज बनती खबरों की निर्ममता इस भौतिकवादी समाज को आदर्शविहीन कर रही है। धन के लोभ में अच्छे-बुरे का ख्याल किए बगैर भारत के लोग जिस माहौल का सृजन कर रहे हैं, उस वातावरण की खबरें दिल दहला देती हैं। आज केवल एक ही सवाल उभरता है कि भौतिकवादी होते-होते, तरक्की को तलाश करते-करते हमारा यह देश क्या पूरी तरह से अपनी पहचान खो देगा? जो पहचान नैतिक मूल्यों की रही है, सादा जीवन और उच्च विचार की रही है।

नरेंद्र मोदी से लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत के भाषणों से तो यही प्रतिध्वनित होता है कि देश अपनी इस पहचान को खोना नहीं चाहता। अपनी जड़ों की ओर लौटकर आदर्शों को बचाना चाहता है। लेकिन ये रोज उभरती खबरें क्या हैं? आफताब द्वारा श्रद्धा का निर्मम कत्ल, झारखंड के साहिबगंज में एक व्यक्ति को अपनी पत्नी के शव के कई टुकड़े करके फेंकने का आरोप। एक इंसान के शरीर को टुकड़े-टुकड़े कर बिखेर देना एक ऐसी निर्ममता है जिसे सुनकर लोगों ने सोचा था कि अब ऐसा फिर न हो तो अच्छा। लेकिन यह तो लगातार हो रहा है। जब ऐसे कातिलों के चेहरे मीडिया के जरिये प्रसारित होते हैं तो उन पर कहीं भी पछतावे की छाया नहीं होती। हत्यारोपी कई बार मुस्कुराते नजर आते हैं।

दुःखद बात यह है कि आज निर्ममता और मूल्य हीनता आदमी के जीवन का अभिन्न अंग बनती जा रही है। कई राज्यों में बंदूक और पिस्तौल का युग रच दिया गया है। रोज गैंगस्टरों के साथी गिरफ्तार हो रहे हैं और उनसे हथियार बरामद किए जाते हैं। इसे बढ़ावा देने को पड़ोसी शत्रु देश द्वारा हथियार, नशा और अन्य अव्यवस्था फैलाने वाली सामग्री फेंकने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल किया जाता है। सरहद पर नशा माफिया, आतंकी गिरोह और चंद भ्रष्ट अधिकारी मिलीभगत में नजर आ रहे हैं। जेल अपराधियों के पर्यटन स्थल बन गए लगते हैं। सरकार की ओर से जेलों पर जैमर लगाने या उन्हें कम्युनिकेशन रहित करने के दावों के बावजूद गुंडा तत्वों द्वारा जेलों के प्रांगण से ही हत्याओं और फिरौती मांगने के षड्यंत्र रचे जाने के समाचार आते रहते हैं। यह सब क्या है ? धनकुबेरों के पोषण के अतिरिक्त सरकार के कुछ और भी दायित्व है। जिसे सरकार, सत्तारूढ़ दल और उसके कार्यकर्ताओं को समझना जरूरी है।

सवाल अह है अभी तक सकारात्मक बदलाव क्यों नहीं लाया जा सका? दोषी कई हैं। लेकिन सबसे बड़ा दोष तो धनलोभ है। इसी धनलोभ के कारण अनहोनी बातें हो रही हैं। इसके विरोध में जनता की सबल आवाज नहीं उठती। वह जीवन के लिए जरूरी मूलभूत चीजों की जुगत में ही लगी है । आज जनता के लिए प्राथमिकता है नौकरी ,महंगाई नियंत्रण की, भ्रष्टाचार उन्मूलन की। वह तो होता नहीं और यह नासूर समाज के अंग-प्रत्यंग में फूटता नजर आने लगा। अगर समाज को नैतिक मूल्यों और गुजरे जमाने के आदर्शों को फिर से स्थापित करना है तो उसके लिए पहले आम आदमी की जरूरतों को पूरा किया जाए।अरबपति को खरबपति बनाने की जगह पंक्ति में खड़े अंतिम आदमी के कल्याण की भावना बलवती हो, जिसे सत्तारूढ़ दल के पूर्वज इंगित कर चुके हैं।

# कोरोना का क्या रोना प्यारे भाई ?



पडौसी चीन में कोरोना का कहर फिर टूट पड़ा है, इसके साथ ही बीते साल कोरोना का कहर झेल चुके तमाम देशों ने जनता के लिए ' एडवाइजरी ' जारी कर अपना फ़र्ज़ पूरा कर लिया है।

कोरोना दुनिया का भूत, भविष्य और वर्तमान बन चुका है।कोरोना विषाणु है,कोरोना बाजार है,कोरोना व्यापार है।ये न कहीं गया था और न कहीं जाएगा।इसे हमारे बीच ही रहना है।आप देखेंगे कि ये अब दुनिया का स्थाई हमसफ़र है।अब आप,हम और सरकारें इस कोरोना का अपने -अपने ढंग से मुकाबला करेंगे।

आपको याद होगा कि हमारी संसद में सरकार ने गंगाजल उठाकर पहले ही कह दिया था कि भारत में आक्सीजन और दवाओं की कमी से एक भी व्यक्ति नहीं मरा। मुझे सरकार के दावों को चुनौती देने में कोई दिलचस्पी नहीं है, क्योंकि सरकार दिलचस्प बात करती ही नहीं है। सरकार वो सब कर रही है जो उसे करना चाहिए।

हमारे यहां चर्चा है कि सरकार कोरोना की दस्तक सुनकर खुश है। सरकार कोरोना को ढाल बनाकर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को प्रतिबंधित कर सकती है। सरकार यदि ऐसा कर दे तो किसी को ताज्जुब नहीं होंगा। सरकार के पास कोई दूसरा चारा भी तो नहीं है।

पिछले सौ से अधिक ज्यादा दिनों में भारत जोड़ो यात्रा का जो असर देश की जनता पर होना था सो हो गया।अब इस यात्रा पर रोक लगे या न लगे, कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। सरकार निडर होकर कह रही है कि उसे भारत जोड़ो यात्रा से कोई डर नहीं है। लेकिन सरकार का डर उसके चमकदार चेहरे पर साफ झलक रहा है।

भारत के अखबार चीन में कोरोना विस्फोट की खबरों से भरे पड़े हैं।सब वो ही काम कर रहे हैं जो सरकार करना चाहती है। सरकार जनता और प्रतिपक्ष को डराकर रखना चाहती है, लेकिन सबके मन से मौत का डर जैसे अब निकल गया है। अब सरकार के लिए जनता से ताली,थाली बजवाना आसान नहीं है। जनता समझ चुकी है कि हानि,लाभ, जीवन और मरण के अलावा जब,अपजस विधि के हाथ में है। सरकार के हाथ में कुछ नहीं है। अब जो होना है, होकर रहेगा।

इस समय मैं अमेरिका में हूं और देख रहा हूं कि यहां की जनता कोरोना के प्रति पहले से सतर्क है।जिसे मास्क लगाना है,वो लगा रहा है ,जिसे नहीं लगाना नहीं लगाता। कोई जोर-जबरदस्ती नहीं। कोई भगदड़ नहीं। सरकार कोरोना की नई दस्तक को ढाल नहीं बना रही। जनता को आगाह भी नहीं कर रही।

देश के जिम्मेदार अखबार चीन में कोरोना की जो तस्वीर पेश कर रहे हैं, उसे देखकर हंसी आती है।कहा और दिखाया जा रहा है कि चीन में 24 घंटे में 3.70 करोड़ कोरोना मरीज पहचाने गए हैं। मरीजों को सड़कों पर पकड़कर रस्सियों से जकड़ा जा रहा है,ड्रिप्स लगाई जा रही है। कल्पना कीजिए कि यदि सचमुच भारत में यही स्थिति बनी तो क्या होगा ?

भारत की राजनीति में मौजूदा दौर तमाशों का दौर है, इसलिए नये तमाशे देखने के लिए तैयार रहिए। अपनी सेहत का ख्याल रखिए। भीड़ में ज्यादा ऐहतियात बरतें। देश का कोरोना कुछ नहीं बिगाड़ सकता। वैसे उड़ती -उड़ती खबर है कि चीन में कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों की संख्या करीब 25 करोड़ है. यह आंकड़ा महज 20 दिनों के अंदर का बताया जा रहा है.

चीन के नेताओं ने कभी विश्वगुरु बनने क दावा कभी नहीं किया। चीन में कोविड की जीरो-पॉलिसी खत्म करने के बाद संक्रमित मरीजों की संख्या में जबरदस्त तेजी से इजाफा हुआ है. चीन से तो खबरें आती नहीं,यह चौंकाने वाला खुलासा रेडियो फ्री एशिया ने सरकार के लीक हुए दस्तावेज के आधार पर किया है. यह दस्तावेज सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे है।

# महाबली मौसम का कोप और दुनिया

**राकेश अचल**



दुनिया में विश्वगुरु कोई भी हो, महाबली कोई हो लेकिन प्रकृति से ज्यादा महाबली कोई नहीं होता। प्रकृति का कोई भी चेहरा हमेशा खूबसूरत नहीं होता।इन दिनों भारत में ही नहीं अमेरिका, जापान, चीन में प्रकृति मनुष्य से नाराज़ हैं। अमेरिका में तो एक हिस्से मे प्रकृति की नाराज़गी से कोहराम मच गया। विज्ञान सब कुछ मूक दर्शक बन कर देखता रहा।

इन दिनों मित्र, रिश्तेदार खबर दे रहे हैं कि दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में सर्दी पूरे शबाब पर है. हरियाणा और दिल्ली के कई हिस्सों में ठंड ने कंपा दिया है. यहां भीषण स्थिति बनी हुई है. कुछ ऐसे ही हाल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में देखने को मिले हैं. , जिसकी वजह से लोग घरों में कैद होकर रह गए. , पंजाब और उत्तर-पश्चिम राजस्थान के कुछ हिस्सों में तो सर्दी स्थाई भाव है ही।. मौसम विभाग ने घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बने रहने की संभावना जताई है।

अमेरिका के जिस हिस्से में मै हूं वहां दिल्ली जैसी सर्दी है। यहां कोहरा नहीं है। लेकिन उत्तरी अमेरिका में अब तक बर्फीले तूफान में 36 लोगों की जान जा चुकी है.संयोग से मैंने अपनी पांच अमेरिकी यात्राओं में यहां के मौसम के सभी रूप देखे, किंतु बर्फबारी का मौसम नहीं देखा था, अमेरिका में बर्फबारी के चलते करीब 7 लाख घरों की बिजली गुल हो गई है । जबकि दूसरे देशों के मुकाबले यहां बिजली वितरण की अभूतपूर्व व्यवस्था होने से लोगों को बिना बिजली के रहने की आदत नहीं है।

अबकी. ठंड से सबसे प्रभावित न्यूयॉर्क का बफेलो है. यहां 43 इंच बर्फबारी हुई है. इसके चलते लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है. इतना ही नहीं बिजली घरों पर बर्फबारी के चलते बिजली व्यवस्था चरमरा गई है. यहां एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत ठंड से हुई है. हमारे भारत में ऐसा प्रायः बिहार में होता है।

पूरे उत्तरी अमेरिका में सर्दी से हाल बेहाल हैं. यहां क्रिसमस तो बेरौनक हो ही गयी और अब नववर्ष के जश्न में भी सर्दी ने खलल डाल दिया है. यहां करीब 5.5 करोड़ लोग ठंड से प्रभावित हुए हैं. अमरीका की नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, फ्लोरिडा के मियामी, थंपा, ऑरलेंडो और वेस्ट पाल्म बीच में 25 दिसंबर को 1983 के बाद सबसे कम तापमान रहा.

सर्दी की वजह से बफेलो में सभी तरह की परिवहन सुविधाएं प्रभावित रहीं. यहां ट्रेनें और हवाई यात्रा को रद्द करना पड़ा. यहां तक कि भीषण बर्फबारी के चलते सड़क रास्ते भी बंद रहे. शनिवार को करीब 4 हजार फ्लाइट्स में देरी हुई. वहीं, 2 हजार उड़ाने रद्द कर दी गई।हम भी अपने घर से बाहर नहीं निकले, क्योंकि जहां जाना था वहां बर्फ जमी है।

इस सबके बावजूद मनुष्य प्रकृति से जूझता है।सैर- सपाटे के आदी अमरीकी परिवार मौसम के मिजाज पर लगातार नजर रखकर अपनी योजनाओं में रद्दोबदल करते देखे जा सकते हैं। विमान बंद हुए तो भाई लोग अपनी कारों से नये ठिकानों की तरफ कूच कर रहे हैं।आम अमरीकियों के पास 03 जनवरी 2023 तक ही छुट्टियां हैं।बाद में स्कूल, दफ्तर सब खुल जाएंगे।

इस मौसम में भारत की बहुत याद आती है। क्योंकि इन दिनों में ही सड़कों पर आग में भुने भुट्टे,करारी मूंगफली और गर्मागर्म गाजर का हलुआ खाने को मिलता है। भुट्टे यहां भी मिलते हैं लेकिन सड़कों पर किसी ठेले या झोपड़ी में नहीं।माल में मिलेंगे,वो भी कच्चे। गाजरें और मूंगफली भी उतनी सरस नहीं होती जितनी भारत में होती हैं। यहां न रजाई का मजा है न अलाव का।

भारत में 2800 किमी की भारत जोड़ो यात्रा एक टीशर्ट पहन कर पूरी कर चुके राहुल गांधी से भी सर्दी के मौसम में मेरी पूरी सहानुभूति है।वे सच कहते हैं कि सर्दी पैदल आदमी से दूर रहती है।कभी सर्दी में 10 किमी पैदल चलकर देखिए, पानी की एक शीशी लेकर चलना भी मुहाल होता है।धान के खेत में पानी देकर देखिए, सर्दी भागती नज़र आएगी।

------

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in



छिंदवाड़ा दो दिवसीय दौरे पर सांसद नकुल नाथ छिंदवाड़ा पहुंचे वे बिछुआ में रोड शो करेंगे

## वन मंत्री श्री शाह का दौरा कार्यक्रम

**नरसिंहपुर।** प्रदेश के वन मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह 29 एवं 30 दिसम्बर को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। जारी दौरा कार्यक्रम के अनुसार मंत्री डॉ. शाह खंडवा से प्रस्थान कर 29 दिसम्बर को 06.19 बजे नरसिंहपुर आयेंगे एवं सर्किट हाऊस नरसिंहपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। वे यहां 29 एवं 30 दिसम्बर को स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद 31 दिसम्बर को शाम 3.50 बजे नरसिंहपुर से सतना के लिए प्रस्थान करेंगे।

## साक्षात्कार समिति की बैठक 28 को

**नरसिंहपुर।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से नरसिंहपुर में उद्यमिता विकास केन्द्र- सेडमैप भोपाल व नरसिंहपुर द्वारा फूड प्रोसेसिंग, टेली एकाउंट, गारमेट मेकिंग फैशन डिजाईनिंग, ट्रेड में उद्यमिता सह कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। सभी ट्रेडों में प्राप्त आवेदन पत्रों के आवेदकों का चयन के लिए चयन/ साक्षात्कार समिति की बैठक बुधवार 28 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे से जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी जिला कार्यक्रम समन्वयक सेडमैप जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र नरसिंहपुर ने दी है।

## टास्क फोर्स का आयोजन 29 को

**नरसिंहपुर।** अवैध उत्खनन/ परिवहन/ भंडारण की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की मासिक बैठक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। इस संबंध में कलेक्टर के आदेशानुसार माह दिसम्बर-2022 की जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक का आयोजन 29 दिसम्बर को शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा नरसिंहपुर ने दी है।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों का किया गया निरीक्षण

**खण्डवा।** कलेक्टर द्वारा आंगनवाड़ी केन्द्रों के सतत् भ्रमण एवं निरीक्षण तथा समय सारणी अनुसार गतिविधियों के संचालन के संबंध में निर्देश दिये गये थे। इसी क्रम में जिले में संचालित परियोजनाओं के आंगनवाडी केन्द्रों का भ्रमण जिला कार्यक्रम अधिकारी, सहायक संचालक, परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों द्वारा किया जा रहा है। जिला कार्यकम अधिकारी विष्णु प्रताप सिंह राठौर द्वारा आंगनवाडी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षित आंगनवाड़ी केन्द्रों में से दो आंगनवाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति कम पाए जाने एवं नियमित रिकार्ड संधारण न किये जाने के कारण संबंधित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के साथ-साथ संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षकों से भी जवाब चाहा गया है। परियोजना अधिकारियों को इस संबंध में स्पष्ट निर्देष दिये गये है कि आगामी निरीक्षण के दौरान उक्त स्थिति निर्मित ना हो यदि आगामी निरीक्षण के दौरान भी इसी प्रकार की स्थिति पाई जाती है तो आंगनवाडी कार्यकर्ता को सेवा से पृथक करते हुए संबंधित पर्यवेक्षक के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही किए जाने हेतु प्रस्ताव तत्काल प्रेषित किये जावे।

## नए सीएमओ केशव सिंह की आमद दिखी शहर में

शिवपुरी - नवागत नगरपालिका सीएमओ केशव सिंह सगर के ज्वॉइन होने के बाद शहर में उनके आने की आहट स्पष्ट दिखाई दे रही है।शहर की साफ-सफाई से लेकर नगरपालिका कार्यालय की आबोहवा बदली बदली सी नज़र आ रही है। जहां चंद रोज पहले तक सीएमओ चेम्बर में लटका ताला फरियाद लेकर पहुंची जनता जनार्दन को मुंह चिड़ाता देखा जा सकता था,अब उसी चेम्बर में नए सीएमओ सगर अपने मातहतों के साथ शहर की समस्याओं पर मंत्रणा करते नज़र आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मंच से नगर पालिका सीएमओं शैलेश अवस्थी को निलंबित किए जाने के बाद कद्दावर मंत्री यशोधराराजे सिंधिया बड़वाह नगरपालिका के सीएमओ केशव सिंह को अत्यंत विवादित और कराहती शिवपुरी नगरपालिका की सेहत ठीक करने के उद्देश्य से शिवपुरी लाई हैं।

## बुद्धि बूस्टर प्ले स्कूल वार्षिकोत्सव संपन्न

**शिवपुरी -** बुद्धि बूस्टर प्ले स्कूल द्वारा नक्षत्र गार्डन में पहला वार्षिक उत्सव आयोजन किया गया जिसमें प्ले ग्रुप से लेकर यूकेजी तक के बच्चों ने विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भाग लिया। स्कूल की प्रिंसिपल रोशनी गुप्ता ने बताया बताया कि इस कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई तत्पश्चात प्ले ग्रुप के बच्चों का परफॉर्मेंस कराया गया जिसमें बच्चों को जंगल डांस किया जिसमें बच्चों ने एनिमल कॉस्ट्यूम और पेड़-पौधों की कॉस्ट्यूम को पहन कर डांस किया इसके साथ ही यूकेजी के बच्चों ने फोन एडिक्शन को लेकर बहुत ही सुंदर नाटक प्रस्तुत किया जिसमें स्मार्टफोन के आने से पहले जीवन के बारे में और स्मार्टफोन आने के बाद आने के बाद उसके दुरुपयोग से बच्चों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ा है उसके बारे में दर्शाया गया।। एलकेजी के बच्चों ने डांस के माध्यम से प्रस्तुति दी की पढ़ाई के तनाव को कैसे कम किया जाए।। इस समारोह का सबसे आकर्षक कार्यक्रम रहा रैंप वॉक रहा जिसमें नर्सरी के बच्चों ने अपनी मम्मी के साथ रैंप वॉक किया कार्यक्रम के अंत में विशिष्ट अतिथियों के द्वारा बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए।वॉइस प्रिंसिपल पारुल जैन ने बताया कि बुद्धि बूस्टर प्ले स्कूल ने समारोह के विशिष्ट अतिथियों के रूप में श्रीमान अभय जैनयंगेस्ट एडवोकेट ऑफ हाई कोर्ट, श्रीमती किरण उप्पल आईपीपी जेसीआई शिवपुरी डायनेमिक श्रीमती नीतू जैन ,श्रीमती प्रियंका शिवहरे जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा की अध्यक्ष श्रीमती उषा मंगल ( अग्रवालसमाज,सचिव )श्रीमती दीपा बंसल( बीजेपी महिला मोर्चा अध्यक्ष ) का स्वागत किया।

## शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद महाराज के नाम होगा छिंदवाड़ा चौक

सिवनी– नगरपालिका अध्यक्ष शफीक खान द्वारा जगद्गुरू स्वामी स्वरूपानंद जी महाराज जी के नाम से नगर के छिन्दवाड़ा चौक का नामकरण करने की घोषणा की गयी थी, घोषणा का पालन करते हुए शफीक खान द्वारा नगर पालिका के साधारण सम्मिलन में नामकरण का प्रस्ताव लाया गया जोकि सभी पार्षदो की सहमति से छिन्दवाड़ा चौक का नाम स्वामी स्वरूपनंद जी शंकराचार्य महाराज नाम रखने का निर्णय लिया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा ब्रम्हचारी सुबुद्धानंद जी महाराज, परमहंसी आश्रम, श्रीधाम को पत्र लिखकर सिवनी नगर स्थित छिन्दवाड़ा चौक का नाम स्वामी स्वरूपानंद शंकराचार्य जी महाराज के नाम से नामकरण व प्रतिमा/स्तम्भ स्थापना के संबंध में मार्गदर्शन सुझाव सहमति मांगी गयी है ताकि ब्रम्हचारी श्री सुबुद्धानंद महाराज के सुझाव अनुसार प्रकरण में पूरी विधि-विधान एवं धार्मिक रीति से नामकरण व प्रतिमा/स्तम्भ स्थापना संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

# सभी एसडीएम अपने अनुभाग क्षेत्र का नक्शा तैयार करवाएं, जिसमें क्षेत्र की सरकारी भूमि प्रदर्शित हो - कलेक्टर

धार । सभी एसडीएम अपने अनुभाग क्षेत्र का नक्शा तैयार करवाएं, जिसमें क्षेत्र की सरकारी भूमि प्रदर्शित हो। सभी सरकारी मंदिरों की परिसंपित्तयों की पुस्तक तैयार करें,जिसे प्रतिवर्ष अपडेट करते रहे। इसके साथ ही मंदिरों के संचालन के लिए समितियों का गठन करें। जल संरचनाओं के गहरीकरण हेतु मिट्टी व गाद निकालकर ले जाने के लिए किसानों को छूट है। इसके लिए किसानों को किसी भी प्रकार की रायल्टी राशि नहीं दी जाना है। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र की ऐसी जल संरचनाओं की सूची तैयार कर कार्यवाही करें। ट्रेकिंग रूट के लिए बूढ़ी मांडव का प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाए। यह निर्देश कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार, स्वामित्व योजना के प्रकरणों को समयसीमा में पूर्ण करवाए। कुक्षी अनुभाग क्षेत्र में इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित तहसीलदार को नोटिस दिया जाए। एसडीएम अपने क्षेत्र में मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमो की तारीख तय करें। सामाजिक न्याय विभाग कत्रिम अंग वितरण के लिए सभी तैयारियाँ पूर्ण रखें। गौरव दिवस के आयोजन के लिए सामाजिक संगठनों की बैठक आयोजित करें। मांडव उत्सव के लिए साफ-साफाई तथा आयोजन स्थल की लेवलिंग तथा विद्युत कनेक्शन की सभी कार्यवाही करें। आयुष्मान कार्ड बनाने में बाग, गंधवानी में प्रगति कम है ,इस क्षेत्र पर फोकस कर कार्यवाही करें। इस कार्य में क्षेत्र के जन प्रतिनिधियों का भी सहयोग लें। सीएम राईज स्कूल के लिए भूमि आवंटन के सारे ईशु को क्लीयर किया जाए। इन स्कूलों के लिए प्राचार्य, शिक्षक ,सपोर्ट स्टॉफ की उपलभ्दता की भी जानकारी दे ।उन्होंने कहा कि मंदिरों के खसरा नकल की प्रति पंजीयन कार्यालय को भी उपलब्ध करवाए। पेसा क़ानून के तहत तदर्थ समितियों का अधिक से अधिक गठन किया जाए। जिससे वे क्षेत्र के आयोजन, हेल्थ, भवन निर्माण की समय-समय पर मॉनीटरिंग करे। शिशु मृत्यु, मातृ मृत्यु दर को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही होती रहे। एनआरसी में बच्चों की अक्यूपेंसी शत प्रतिशत रहे और बच्चों के वजन की सही रिपोर्टग हो। जिले के ऐसे हितग्राही जिन्होंने शासकीय/अशासकीय अस्पताल में आयुष्मान कार्ड का उपयोग कर ईलाज का लाभ लिया हैं उनकी सूची तैयार करें। कुक्षी सीएमओ के बिना अनुमति बैठक में अनुपस्थित रहने पर उन्हें नोटिस दे।



बैठक में उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के पत्र का जवाब समय पर नहीं दिया है, उन अधिकारियों को अप्रसन्नता पत्र दें । उच्च न्यायालय के प्रकरणों के जवाब समय पर प्रस्तुत करें। एनएलएम के प्रकरण का उचित जवाब प्रस्तुत नहीं करने पर पशु पालन विभाग के अधिकारी को नोटिस दे। जिले की अनुपयोगी जमीन को बकरी पालन के प्रोजेक्ट के लिए देखे , जिसमें स्वसहायता समूह को जोडे जाए। आनंद उत्सव के लिए सभी तैयारियाँ कर ली जाए। मांडव में बीएसएनएल के नेटवर्क के लिए उनके अधिकारियों से चर्चा कर इसका निराकरण करवाए। साथ ही टेम्परी वाई-फाई कनेक्शन की भी व्यवस्था रहें। जिले के विमुक्त घुमक्कड़ परिवारों की जानकारी एकत्र करें। इसके साथ ही सरदारपुर में विमुक्त घुमक्कड के हितग्राहियों को आईटीआई द्वारा दी जा रही ट्रेनिंग की भी मॉनीटरिंग की जाए। जिले के प्रायमरी तथा मिडिल स्कूल के परिसर में ही पानी की व्यवस्था रहे। ऐसे स्कूल जहाँ परिसर में पानी की व्यवस्था नहीं है उनकी सूची तैयार कर उन्हें जल जीवन मिशन में जोडे । नरवाई प्रबंधन के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाए। जिले में फूड सेफ्टी के तहत अर्थदंड की कार्यवाही जारी रहे। यह लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा मसला है, इसमे कार्यवाही होती रहे। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री के एल मीणा सहित जिला अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सयोजक के मुख्य आतिथ्य में बैठक

### बैठक में बालाघाट सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन उपस्थित हुए




सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष एवं बैतूल जिला संगठन प्रभारी सुजीत जैन, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश त्रिवेदी जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रूपचंद मोहनानी का विशिष्ट आतिथ्य रहा। कार्यक्रम में व्यापारी प्रकोष्ठ के जबलपुर संभाग के पदाधिकारी शामिल हुये ।

प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने कहा कि हमें भाजपा की मजबूती के लिये एकजुटता से काम करना है। भाजपा ही एक ऐसा राजनैतिक दल है जो व्यापारियों के हितो को हमेशा ध्यान रखती है और व्यापारिक हित को सुरक्षां प्रदान करती है । देश में व्यापार व्यवसाय के माध्यम से खुशहाली की कल्पना करती है। व्यापारियों को भाजपा के शासनकाल में प्रताड़ित नहीं किया जाता अन्य राजनैतिक दल व्यापारियों को प्रताड़ित करने का काम करते है। भाजपा के शासन में कहीं भी व्यापारिक उत्पीडन के मामले सामने नहीं आते। श्री अग्रवाल ने कहा कि हम सभी व्यापारी राष्ट्रहित के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुये प्रदेश में भाजपा की पुन~सरकार बनाने के लिये पूरी क्षमता से कार्य करें और संगठन को सहयोग करें । कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा व्यापारियों के माध्यम से देश को नये रूप में गढने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है देश में सर्वाधिक रोजगार के अवसर व्यापार के माध्यम से दिये जाते है सरकार व्यापार बढ़ाने के लिये व्यापारियों को हर अनुकूल सुविधाएँ प्राथमिकता से प्रदान की जा रही है।

सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन ने व्यापारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि देश के लिये व्यापारी बहुत महत्वपूर्ण इकाई है ।

### 'युवा नीति' स्वयंसेवकों ने निकाली रैली

# युवा राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान दे सकते हैं

बैतूल। युवा नीति के प्रति जागरूकता के लिए जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्राचार्य डॉ.राकेश तिवारी के संरक्षण में आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार युवा नीति के निर्माण में जनजागरूकता के लिए कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोपाल प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में विशाल रैली निकाली गई। रैली कॉलेज से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए कॉलेज पहुंची। युवा नीति पर आयोजित संगोष्ठी में जिला संगठक डॉ.सुखदेव डोंगरे ने कहा कि राष्ट्रीय युवा नीति का उद्देश्य पांच प्राथमिकता क्षेत्रों अर्थात शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता; युवा नेतृत्व और विकास; स्वास्थ्य, फिटनेस और खेल तथा सामाजिक न्याय में युवाओं के विकास के लिए व्यापक कार्रवाई करना है। युवा लोगों के लिए, इसका उद्देश्य भागीदारी, सशक्तिकरण और संवाद बढ़ाने के साथ-साथ समर्थन और सेवाओं का विस्तार करना है । डॉ.गोपाल प्रसाद साहू ने युवा अपने देश के विकास में कैसे योगदान दे सकते हैं के संबंध में कहा कि किसी भी देश की प्रगति उसके कृषि, उद्योग, सैन्य, परिवहन, शिक्षा, राजनीति, विज्ञान,




संचार व्यवस्था तथा अंतरिक्ष अनुसंधान आदि क्षेत्रों में होने वाले विकास पर निर्भर होती है। इनमें से प्रत्येक क्षेत्र में प्रशिक्षित युवकों की सेवाएं आवश्यक होती हैं। इनमें से हर क्षेत्र में प्रशिक्षित युवक अपनी उल्लेखनीय सेवाएं दे सकते हैं। संगोष्ठी में गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों के बलिदान पर वृहद चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रो.खरे, डॉ.खुशहाल देवधरे, रासेयो के स्वयंसेवक नवीन नागले, बालकिशोर अमरूते, कोमल, रिया, पूनम, आयुष, कुनाल, ललिता, हिमांशु, श्रेजल, नेहा सहित लगभग 50 स्वयंवेक मौजूद थे।

## भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा विधान सभा सम्मेलन की आज बैठक

बैतुल / आमला आज भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आमला विधान सभा सम्मेलन की बैठक स्थानीय भवानी लान में रखी गई है आगामी 2023 बूथ आमला सारणी प्रभारियों के साथ आयोजित बैठक मे मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्री योगेश पंडाग्रे मुकेश खंडेलवाल भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य शुक्ला जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार उपस्थित रहेंगे। विधानसभा प्रभारी युवा शैलेंद्र राठौर मंडल अध्यक्ष रामकिशोर देशमुख के नेतृत्व में बैठक रखी गई है। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष भास्कर मगरदे बैठक को संबोधित करेंगे। वही आमला के पूर्व सांसद प्रतिनिधि अनुसूचित मोर्चा जिला प्रभारी अशोक नागले पूर्व मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश मालवीय शिवपाल उबनारे हेमंत गुगनानी प्रदीप चौहान महेश वर्मा सुरेश राठौर राजेश पंडोले राजू हारोड़े सहित महिला मोर्चा एवं जनपद अध्यक्ष हरि यादव भी उपस्थित रहेंगे।

# पुलिस परिवार व पत्रकार बंधुओ का हुआ स्वास्थ्य परिक्षण

शहडोल।पुलिस कप्तान ने पुलिस कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण तो करवाया ही, उनके पारिवारिक सदस्यों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान रिलायंस सीबीएम प्रोजेक्ट और रिलायंस फाउंडेशन द्वारा मेडिकल सुविधाये उपलब्ध कराई गई जिसमें चिकित्सक दवाएं और मेडिकल मोबाइल यूनिट द्वारा उक्त स्वस्थ्य परीक्षण शिविर में अहम योगदान दिया गया साथ ही विभिन्न निजी अस्पताल, शासकीय अस्पताल एवं निजी संस्थाओ द्वारा सहयोग के लिये सामने आये। कई ऐसे टेस्ट भी किये गये जिसमें रिपोर्ट मोबाईल पर भेजी।बीते दिवस पुलिस लाईन ग्राउण्ड में पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों एवं पत्रकार बंधुओं हेतु प्रातः 10~00 बजे से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें कुल 12 काउण्टर में पांच काउण्टर रजिस्ट्रेशन हेतु प्रबंध किया गया था। जिसमें विभिन्न काउण्टरो पर जिला अस्पताल, श्रीराम हेल्थ सेन्टर एवं आदित्य हॉस्पिटल, विराटेश्वर अस्पताल, अमृता अस्पताल और रिलायंस फाउंडेशन के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के ब्लड प्रेशर, शुगर सहित अन्य जांच कर इलाज किया एवं रिलायन्स फाउण्डेशन के



माध्यम से निःशुल्क दवा वितरण किया गया तथा उपचार संबंधी सलाह भी दी गई और मेडिकल किट का भी वितरण किया गया।

श्रीराम अस्पताल, अमृता अस्पताल एवं विराटेश्वर अस्पताल द्वारा क्रमशः 150, 70 सैंपल जांच के लिए लिए गए, परीक्षण कराने आये समस्त पुलिस स्टाफ का ब्लड सेम्पल लेकर विभिन्न टेस्ट करने कर्मचारियों को हेल्थ कार्ड भी दिया गया।

उक्त शिविर में पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक की गरिमामयी उपस्थिति रही वो स्वयं अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवा के पुलिस कर्मियों को स्वयं के और अपने परिवार के स्वास्थ्य के प्रीत सतर्क रहने का संदेश दिया स्वास्थ्य के प्रति स्वयं जागरूक रहते हैं शहडोल पुलिस अधीक्षक इसी जागरूकता से उन्होंने विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया वे स्वयं रोज 10 किलोमीटर पैदल चलते हैं। एवं उन्होंने समस्त कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए स्वस्थ दिनचर्या अपनाने की समझाइश दी। पुलिस कर्मचारियों एवं उनके परिजनों ने उक्त स्वास्थ्य शिविर के आयोजन पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए इसे सार्थक बताया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में लगभग 403 पुलिस अधि0 / कर्म0, 29 परिवारजन एवं 15 पत्रकार बंधु कुल 447 से भी अधिक व्यक्तियों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ प्राप्त किया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

छतरपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं चंदला विधानसभा प्रभारी राजू प्रजापति के नेतृत्व में चंदला अंचल के कांग्रेसीजनों ने किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा है। ज्ञापन कार्यक्रम के पूर्व कांग्रेस नेता रैली निकालकर प्रदर्शन करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे। इस मौके पर ज्ञापन में कहा गया कि आवारा गौवंश से क्षेत्र के किसानों की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। यहां पूर्व से ही आवारा गौवंश के विचरण की समस्या प्रभावी रही है लेकिन आज तक कोई कदम नहीं उठाए जा सके। इसके साथ ही किसानों को फसली सीजन में खाद की उपलब्धता और स्वास्थ्य केंद्रों में महिला डॉक्टर की भरपाई की मांग उठाई गई। अंचल में अघोषित बिजली कटौती के कारण किसान अपनी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। कांग्रेसीजनों ने विद्युत की



समस्या से निजात दिलाने के साथ ही चंदला महाविद्यालय में विज्ञान संकाय आरंभ करने की मांग उठाई। ज्ञापन कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव अनित्या सिंह, राजबहादुर सिंह, अशोक शुक्ला, विनोद मिश्रा, राजेंद्र त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी, रामनरेश सिंह, जीतेंद्र दीक्षित, रूपेंद्र शुक्ला, मूलचंद्र तिवारी, सुरेश शुक्ला सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण

क्रमांक 521 ज.सं./भो.वि.प्रा./ 22 भोपाल, दिनांक 26/12/2022

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की इन्द्रपुरी योजना स्थित भूखण्ड क्रं. 12 सेक्टर–ए, आवंटी स्टीम विल्डर्स द्वारा भागीदार श्री आई.एस. गुलियानी आत्मज श्री एच. एस. गुलियानी द्वारा उक्त भूखण्ड पर बहुमजिला भवन स्टीम टॉवर को निर्मित कर प्रकोष्ठ एवं दुकानों का निर्माण कर कार्यालय की बिना अनुमति के पृथक–पृथक व्यक्तियो को विक्रय किया गया है। जिसमें से प्रकोष्ठ क्र0 105 प्रथम तल स्थित जिसका क्षेत्रफल 590 वर्गफुट का विक्रय श्री संजय मुदलियार आत्मज स्वः श्री वी. वी. मुदलियार एवं श्रीमती आरती मुदलियार पत्नी श्री संजय मुदलियार को कर विक्रय पत्र दि. 05.03.2003 को पंजीकृत कराया गया हैं। पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्री संजय मुदलियार एवं श्रीमती आरती मुदलियार द्वारा उक्त प्रकोष्ठ का नामान्तरण/ नाम सम्मिलित अपने नामों पर करने का निवेदन किया हैं। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/ दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय को अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

**राजस्व अधिकारी**

# घूस मांगने वालों की खैर नहीं... खुलेगी पोल..

अनिल राय, सीहोर। सरकार से नौकरी के नाम पर मोटी तनख्वाह लेने के बाद भी अपने कर्तव्य के काम करने के नाम पर रुपए की मांग करने वाले की अब खैर नहीं। अब लालचियों की पोल खुल जाएगी। अस्पताल में इलाज के लिए या आवास की स्वीकृति के लिए या कोई अन्य समस्या के निराकरण के लिए रुपए की मांग करने वालों की सीधे कलेक्टर से शिकायत की जा सकेगी। लगातार मिल रही शिकायतों के चलते कलेक्टर ने सीधे मॉनीटरिंग के लिए हेल्प लाइन व्हॉट्सएप नंबर जारी कर दिया दिया है।

कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा कलेक्टर सीहोर व्हॉट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9303628757 जारी किया गया है। इस मोबाइल नंबर पर जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए आने वाले मरीजों से तथा पीएम आवास की स्वीकृति एवं किश्त डलवाने के लिए हितग्राहियो से रूपए या अन्य किसी प्रकार की मांग की जाती है, तो उस व्यक्ति का वीडियो-ऑडियो तथा शिकायत हेल्पलाइन नंबर पर की जा सकेगी। ज्ञात रहे कि जिला अस्पताल में इलाज के नाम पर लगातार शिकायत मिल रही थीं। हेल्प लाइन नंबर जारी होने के बाद जिला अस्पताल सीहोर में इलाज के लिए आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों से अस्पताल स्टॉफ तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा रूपए अथवा अन्य किसी तरह की मांग की जाती है। साथ ही इलाज से मना किया जाता है, तो मरीज या परिजन संबंधितों के ऑडियो-वीडियो, फोटो तथा शिकायत कलेक्टर सीहोर व्हॉट्सएप हेल्पलाइन नंबर पर प्रेषित कर सकते है।

इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास (नगरी) के हितग्राहियों को आवास स्वीकृत कराने के लिए या आवास की किश्त दिलाने के लिए नगरीय निकायों के अमले या अन्य किसी व्यक्ति द्वारा धनराशि की मांग की जाती है, तो ऐसे व्यक्तियों के साथ वार्तालाप के ऑडियो-वीडियों या शिकायतों से संबंधित अन्य प्रमाण कलेक्टर सीहोर व्हॉट्सएप हेल्पलाइन पर प्रेषित कर सकते है। कलेक्टर सीहोर द्वारा आम लोगों के समस्याओं के निराकरण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाने से अब लालचियों की खैर नहीं है। वहीं आम लोगों ने कलेक्टर द्वारा हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाने का स्वागत किया है।

## वकीलों की क्रिकेट टीम झाबुआ हुई रवाना

बैतूल। जिला अभिभाषक संघ बैतूल के अधिवक्ता सदस्यों की क्रिकेट टीम अंतर जिला अधिवक्ता संघ के क्रिकेट टूर्नामेंट में शामिल होने के लिए झाबुआ रवाना हुई है। न्यायालय परिसर से रवाना होते वक्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने व्यवसाय के साथ–साथ खेल भावना होने से जीवन में निखार आता है।

## कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल

यांत्रिक विभाग जोन क्रं. - 14 राजाभोज, भेल

**निविदा घोषणा पत्र**

क्रं. 368 / यां.वि / 2022 भोपाल, दिनांक 26.12.22

निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु दो लिफाफा पद्धति के अनुसार परसेन्टेज मोहरबंद निविदायें निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 10.01.2023 को दिन के 3.00 बजे आमंत्रित की जाती हैं। धरोहर राशि क्रास डिमांड ड्राफ्ट आयुक्त, नगर निगम भोपाल के नाम पर होना चाहिए। प्राप्त निविदायें आमंत्रित दिवस को ही दोपहर 3.30 बजे अधोहस्ताक्षर द्वारा उपस्थित ठकेदारों के समक्ष खोली जायेगी । प्रपत्र क्रय करने की पात्रता केन्द्रीयकृत व्यवस्था के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के वांछित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को होगी। प्रपत्र दिनांक 09.01.2023 को तथा इसी तिथि के पूर्व कार्यालयीन समय शाम 02.00 बजे तक क्रय किये जा सकते हैं । अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | निविदा राशि | धरोहर राशि | प्रपत्र राशि | ठेकेदार श्रेणी | कार्य हेतु निर्धारित एस.ओ.आर. | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जोन क्रं. 14 वार्ड क्र. 60 आर.के. फार्म हाउस से मोहन खण्डवई के मकान तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य । | 422483/- | 8450/- | 2360/- | सी एवं इससे ऊपर | म.प्र. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के भवन आई एस एस आर 2021 | 2 माह |

नियम व शर्ते :- 1.समस्त सीमेंट कांक्रीट सडक निर्माण कार्यों की गारंटी अवधी 03 वर्ष एवं अन्य निर्माण कार्यो की 01 वर्ष रहेगी एवं कुल 10 प्रतिशत की राशि प्रतिभूति राशि के रूप में रोकी जावेगी । 2. लिफाफा क्रं.-1 धरोहर राशि एवं लिफाफा क्रं. -2 में निविदा दर प्रस्तुत किया जाना होगा। प्रथमतः धरोहर राशि का लिफाफा खोला जावेगा एवं धरोहर राशि सही पायी जाने पर ही निविदा दर का लिफाफा खोला जावेगा । 3. यदि अपिहार्य कारणों से निविदा प्राप्ति / खोलने के दिवस शासकीय अवकाश होता है, तो अगले कार्य दिवस में कार्यवाही संपादित की जावेगी । 4. निविदा क्रय करने हेतु आवेदन के साथ जीवित पंजीयन की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है । 5. ई.पी.एफ. प्रमाण-पत्र एवं ई.पी.एफ. पंजीयन की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है । 6. उक्त निर्माण कार्यों में उपयोग किए जाने वाले गौण खनिजों की रायल्टी का भुगतान ठेकेदारों द्वारा किया जाना अनिवार्य होगा । 7. निविदा की दरें निविदा खोलने की दिनांक से 120 दिवस तक वैध रहेगी। 8.10 प्रतिशत से अधिक बिलो प्रतिशत दर प्रस्तुत किये जाने पर ठेकेदार को परफार्मेन्स गारंटी के रूप में बैक गारंटी प्रस्तुत की जाना होगी ।

**नि.क्र. 1026/022/023**

**सहायक यंत्री सिविल यंत्री**
**जोन ज़ोन क्रं. – 14 नगर पालिक निगम, भोपाल**

## टाटा प्ले बिंज़ सेवा में लॉयन्सगेट प्ले शामिल हुआ, ओटीटी साझेदारों की संख्या बढ़ी

**मुंबई, एजेंसी।** मनोरंजन प्राप्त करना सरल व सुविधाजनक बनाने के लिए आज टाटा प्ले बिंज़ ने वैश्विक मनोरंजन सेवा, लॉयन्सगेट प्ले के साथ साझेदारी करने की घोषणा की। लॉयन्सगेट प्ले की स्ट्रीमिंग सेवा में विभिन्न भाषाओं व शैलियों में डिजिटल कार्यक्रम, समकालीन और विशेष कार्यक्रम, अरबों डॉलर की फ्रैंचाईज़ी फिल्में,टीवी शो, वेब सीरीज़ और प्रीमियम ओरिज़नल्स शामिल हैं, जो खास तौर से भारतीय दर्शकों के लिए संकलित किए गए हैं। स्मार्टफोन के उपयोगकर्ताओं को प्रीमियम ओटीटी ऐप्स की सेवाएं देते हुए टाटा प्ले बिंज़ दर्शकों को 14+ स्ट्रीमिंग ऐप्स से फिल्मों, टीवी शो, वेब ओरिज़नल्स, और लाईव स्पोर्ट्स का विशाल संग्रह प्रदान करता है, जिसे व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करने के लिए एक ही मंच में संकलित किया गया है। इस नई साझेदारी द्वारा टाटा प्ले बिंज़ दर्शकों को लॉयन्सगेट प्ले का विशाल मनोरंजन संग्रह देखने को मिलेगा, जिसमें भारतीय ओरिज़नल्स, दुनिया में लोकप्रिय मूवीज़ और शो, जैसे जॉन विकः चैप्टर 3 पैराबेलम, एंजेल हैज़ फॉलेन, गैसलिट, फील्स लाईक होम, नाईव्स आउट, टोक्यो वाईस, जंगल क्राई, हिक्कप्स एंड हुकअप्स आदि शामिल हैं। टाटा प्ले बिंज़ मोबाईल ऐप और बड़े पर्दे के संलग्न उपकरणों, टाटा प्ले बिंज़+ एंड्रॉयड सेट टॉप बॉक्स और एमेज़ॉन फायर टीवी स्टिक पर टाटा प्ले संस्करण के ग्राहकों को पूरे विश्व का असीमित मनोरंजन उपलब्ध होगा।दर्शकों को 299 रु. प्रतिमाह के सदस्यता शुल्क में लॉयन्सगेट प्ले और 18 अन्य ऐप्स की सेवाएं देखने को मिलेंगी।

## वेस्टीज के साथ महिलाएं लिख रही हैं सफलता की कहानी

**मुंबई, एजेंसी।** डायरेक्ट सेलिंग भारत में सबसे तेजी से बढ़ते उद्योग में शामिल है। यह उद्योग देश की अर्थव्यवस्था को गति देने और रोजगार सृजन में भूमिका निभा रहा है। इस सेक्टर को गति देने में महिलाएं अहम भूमिका निभा रही हैं और पूरी दुनिया में इस उद्योग का नेतृत्व कर रही हैं। इस उद्योग ने लाखों महिलाओं को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने और लैंगिक समानता का लक्ष्य पाने में मदद की है। डायरेक्ट सेलिंग उद्योग ने कई तरह से महिलाओं के जीवन को बदला है। सबसे बड़ी भूमिका रोजगार के अवसर सृजित करते हुए उन्हें आर्थिक सशक्तीकरण का अवसर देना है। इसने महिलाओं को अपने कारोबार की बागडोर संभालने और काम एवं सामान्य जीवन के बीच संतुलन बनाने में सक्षम किया है। साथ ही कौशल विकास और परिवार में योगदान करते हुए आजीविका का मौका भी दिया है। अन्य कारोबार की तुलना में एक डायरेक्टर सेलिंग बिजनेस शुरू करने के लिए बहुत कम निवेश की आवश्यकता होती है। डायरेक्टर सेलिंग कंपनियां मार्केटिंग के दौरान सभी में लाभ को बांटते हुए निवेश के नुकसान को कम करती हैं। इसलिए यह उन महिलाओं के लिए शानदार करियर विकल्प है, जो सलाह, सम्मान एवं अवसर के साथ-साथ अपने प्रयासों से वित्तीय लाभ भी लेना चाहती हैं।

## टॉपरैंकर्स ने सीएलएटी परीक्षा 2023 में ऐतिहासिक परिणाम के साथ भोपाल में नया कीर्तिमान किया

**भोपाल, एजेंसी।** टॉपरैंकर्स ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (सीएलएटी) 2023 में अपने विद्यार्थियों के लिए 400+ रैंक सुनिश्चित कर डिजिटल लर्निंग के क्षेत्र में नया कीर्तिमान किया है। टॉपरैंकर्स के लीगलएज के विद्यार्थियों ने सीएलएटी यूजी परीक्षा में एआईआर 1, 2,3,8, 10 प्राप्त किए और पीयूष गुप्ता ने मध्य प्रदेश में एआईआर 8 रैंक 1 हासिल किया है। टॉपरैंकर्स के लीगलएज विद्यार्थियों को लॉ में करियर बनाने के लिए तैयार करता है और पिछले सात वर्षों से लगातारटॉप 10 ऑल इंडिया रैंकर देता रहा है। मास्टर्स इन लॉ में कदम रखते हुए लीगलएज आफ्टर कॉलेज ने एआईएलईटी, एलएल.एम और सीएलएटी पीजी के माध्यम से एनएलयू प्रवेश परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है और एआईआर 3,7,20,23 तथा ऐसे कई बेहतरीन परिणाम दिए। अपने छात्रों की उपलब्धियों पर खुशी साझा और उन्हें बधाई देते हुए श्री गौरव गोयल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और टॉपरैंकर्स के सह-संस्थापक ने कहा, सीएलएटी 2023 में हमारे छात्रों ने अभूतपूर्व सफलता दर्ज कर टॉपरैंकर्स के लिए एक और बड़ी उपलब्धि पाई है। मैं लगनशील छात्रों और हमारी कार्य सक्षम टीम को बधाई देता हूं जिसने पूरी परीक्षा यात्रा में एकजुट हो कर काम किया और उत्कृष्ट परिणाम दिए। हम आगे भी शानदार सफलता दर्ज करेंगे और लॉ में करियर बनाने का सपना सच करने में हमेशा छात्रों को सहयोग देंगे।''

## एलआईसी जल्द कर सकती है अपनी प्लानिंग में बदलाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी संसद में बीमा कानून (संशोधन) विधेयक पारित होने के बाद समग्र यानी कम्पोजिट लाइसेंस पर विचार कर सकती है। प्रस्तावित विधेयक के अनुसार एक आवेदक किसी भी श्रेणी या प्रकार के बीमा व्यवसाय के एक या एक से अधिक वर्गों/उप-श्रेणियों के पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकता है।

कम्पोजिट लाइसेंस बीमाकर्ताओं को एक ही इकाई के माध्यम से सामान्य और स्वास्थ्य बीमा, दोनों प्रदान कराने की अनुमति देगा। हालांकि पुनर्बीमा में लगी कंपनियां बीमा व्यवसाय के किसी अन्य वर्ग में अपना रिजस्ट्रेशन नहीं करा सकतीं।

**हर तरह की बीमा सुविधाएं देगी एलआईसी-** एलआईसी जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 को ध्यान में रखते हुए समग्र लाइसेंस और विधेयक के पारित होने से उत्पन्न होने वाले अन्य मुद्दों पर व्यापक तरीके से विचार करेगी। समाचार एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि बीमा अधिनियम 1938 और बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 में प्रस्तावित संशोधनों के साथ विधेयक को अगले महीने से शुरू होने वाले आगामी बजट सत्र में संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है।

## पेयू से 150 कर्मचारी निकाले गए, कंपनी ने छह प्रतिशत कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्ष 2022 की समाप्ति से पहले छंटनी की एक और बड़ी खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार भुगतान सेवा प्रदाता कंपनी पेयू ने अपने 150 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। खबरों के अनुसार, कंपनी से निकाले गए कुल कर्मचारी इसके कुल मैनपावर का छह प्रतिशत है। बता दें कि पेयू इंडिया के फिनटेक व्यवसायों में बिंबू, साइट्रस और लेजी पे जैसी कंपनियां शामिल हैं। कंपनी के अनुसार उसने छंटनी का फैसला नए लोगों की टीम तैयार करने के उद्देश्य से लिया है। बता दें कि इस वर्ष की शुरुआत में प्रोसस जिसके पास पेयू का स्वामित्व है उन्होंने कंपनी की ओर से ऑनलाइन पेमेंट गेटवे बिलडेस्क के 4.7 बिलियन डॉलर के अधिग्रहण प्रस्ताव को रद्द कर दिया है। भारत में कम्पिटीशन कमीशन ऑफ इंडिया की ओर से सौदे को मंजूरी मिलने के एक महीने के भीतर इसे रद्द करने की घोषणा कर दी गई। इस सौदे की घोषणा पहली बार अगस्त 2021 में की गई थी।



# बढ़ रही है गौ-पालकों की आमदनी, गाय का गोबर ही नहीं, गौ मूत्र भी बिक रहा है

● छत्तीसगढ़ में गोबर से प्राकृतिक रंग और पुट्टी बनाने की कवायद चल रही है ● राज्य सरकार ने सरकारी भवनों को इसी से बनाए रंग से रंगने का फैसला किया है ● प्राकृतिक रंग बनाने के लिए गौ-पालकों से गोबर और गौमूत्र की खरीद की जाती है ● इससे किसानों की आमदनी बढ़ रही है

**रायपुर , एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के गौ-पालकों की आमदनी बढ़ाने की जबरदस्त कवायद चल रही है। वह दिन दूर नहीं, जबकि राज्य में गाय के गोबर से हर रोज हजारों लीटर प्राकृतिक रंग और पुट्टी बनेगी। वहां बने प्राकृतिक पेंट के खपत की भी व्यवस्था हो गई है। राज्य सरकार ने अब से सरकारी भवनों की रंगाई-पुताई प्राकृतिक पेंट से कराए जाने का फैसला किया है। इससे गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की फैक्ट्री लगने का रास्ता प्रशस्त हुआ है।

राज्य सरकार के इस फैसले के बाद गौठानों में नेचुरल पेंट मैन्यूफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने का दौर तेजी से शुरू हो गया हैं। कुछ इकाइयों में उत्पादन भी शुरू हो गया है वहीं 75 गौठानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट एवं पुट्टी निर्माण की इकाइयां तेजी से स्थापित की जा रही हैं। ज्ञातव्य है कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकारी इमारतों की रंगाई-पुताई केमिकल पेंट के बदले गोबर से बनने वाले प्राकृतिक पेंट से कराने का ऐलान किया है। इसके बाद राज्य के लोक निर्माण विभाग ने गौठानों में गोबर से उत्पादित प्राकृतिक पेंट को विभागीय निर्माण कार्यों के एसओआर में शामिल कर लिया है। साथ ही प्राकृतिक पेंट से कराने आदेश जारी किया है।



**क्या है गौठान-** छत्तीसढ़ में गोधन न्याय योजना की शुरूआत की गई है। इसी के तहत गांवों में पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए गौठान का निर्माण किया जा रहा है। अभी तक राज्य के 9,619 गांवों में गौठान का निर्माण हो चुका है। इसके साथ ही करीब 3,000 गांवों में गौठान का निर्माण किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि आने वाले कुछ महीने में लगभग 50,000 गांव में गौठान बन जाएंगे।

**कितना मिलता है गोबर का दाम-** छत्तीसगढ़ के गौठानों में गोधन न्याय योजना के तहत दो रुपए किलो की दर से गोबर की खरीद होती है। इसके साथ ही चार रुपए लीटर की दर से गौमूत्र की खरीद की जाती है। गोबर से कम्पोस्ट खाद के साथ-साथ अन्य सामग्री का निर्माण महिला समूहों द्वारा किया जा रहा हैं। गौमूत्र से फसल कीटनाशक और जीवामृत तैयार किये जा रहे है। हाल ही में राज्य में गोबर से प्राकृतिक पेंट के उत्पादन की शुरुआत रायपुर के समीप स्थित हीरापुर जरवाय गौठान से हुई है।

गोबर से प्राकृतिक पेंट बनाने की यूनिट कांकेर जिले के चारामा में भी लग चुकी है। राज्य के 75 गौठानों में गोबर से प्राकृतिक पेंट एवं पुट्टी निर्माण की इकाइयां तेजी से स्थापित की जा रही है। इन इकाइयों के पूर्ण होने पर प्रतिदिन 50 हजार लीटर तथा साल भर में 37 लाख 50 हजार लीटर प्राकृतिक पेंट का उत्पादन होगा। गोबर से प्राकृतिक पेंट के निर्माण का मुख्य घटक कार्बोक्सी मिथाइल सेल्यूलोज (सीएससी) होता है। सौ किलो गोबर से लगभग 10 किलो सूखा सीएमसी तैयार होता है। कुल निर्मित पेंट में 30 प्रतिशत मात्रा सीएमसी की होती है।

**नितिन गडकरी ने भी की है सराहना-** छत्तीसगढ़ में गोबर से प्राकृतिक पेंट और पुट्टी बनाने के लिए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सराहना की है। छत्तीसगढ़ राज्य की इस पहल को उन्होंने ग्रामीणों को रोजगार और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर कहा है।

## अगले 15 साल तक नहीं थमेगी भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार, अमेरिकी अर्थव्यवस्था को 2037 में मिलेगी सीधी टक्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सेंटर फॉर इकोनॉमिक्स एंड बिजनेस रिसर्च ने सोमवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में लगातार बनी हुई तेजी के कारण 2037 तक भारत इकोनॉमिक लीग टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। 2022 में फिलहाल भारत पांचवें स्थान पर है। सीइबीआर की ओर से जारी की जाने वाली वार्षिक वर्ल्ड इकोनॉमिक लीग टेबल 2023 में बताया गया कि अगले पांच सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था औसत 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। उसके बाद अगले नौ सालों का गति औसत 6.5 प्रतिशत रह सकती है। इस विकास दर से लगता है कि 2022 में इकोनॉमिक लीग टेबल में पांचवें स्थान पर कायम भारत 2037 में तीसरे स्थान पर पहुंच सकता है। यह वह साल होगा जब दुनिया में चीन पहले, अमेरिका दूसरे स्थान पर कायम होगा।

**देश की अर्थव्यवस्था में आई विविधता-** सीइबीआर ने कहा कि देश की अधिकांश आर्थिक गतिविधियां सेवा क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं। ऐसा इसलिए हुआ है, क्योंकि देश की अर्थव्यवस्था में पिछले कुछ सालों में विकसित होने के साथ विविधता आई है। हालांकि, अभी भी देश की लेबर फॉर्स का बड़ा हिस्सा कृषि में कार्यरत है। रिसर्च संस्था की ओर से बताया गया कि कोरोना महामारी का देश की अर्थव्यवस्था पर काफी नकारात्मक प्रभाव पड़ा था। कोरोना के दौरान भारत में आर्थिक गतिविधियों में एक बड़ी गिरावट हुई थी। 2020-21 में उत्पादन में 6.60 प्रतिशत की कमी आई थी। सीइबीआर ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि कोरोना के झटके को झेलने के बाद भारत में आर्थिक गतिविधियों में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला है, यह मजबूत घरेलू मांग के कारण संभव हो पाया है।

## रिन्यू पावर ने मध्यप्रदेश में 'गिफ्ट वार्म्‌थ' अभियान का 8वां संस्करण शुरू किया

**भोपाल।** भारत की प्रमुख नवीकरण योग्य ऊर्जा कंपनी रिन्यू पावर ने अपने 'गिफ्ट वार्म्‌थ' कैम्पेन का 8वां संस्करण लॉन्च किया है। इस पहल के जरिये कंपनी दिल्ली एनसीआर, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखण्ड और कर्नाटक समेत दस राज्यों में 300,000 कंबलों का वितरण करेगी। इस महत्वाकांक्षी अभियान की शुरूआत दिसंबर 2022 में हुई है और यह जनवरी 2023 के पूरे महीने जारी रहेगा। इनमें से 30,000 कंबल अशोकनगर, श्योपुर, भोपाल, शाजापुर, उज्जैन, देवास, धार, रतलाम और मंदसौर समेत राज्य के 9 जिलों में वितरित किये जाएंगे।

इस साल के कैम्पेन का लक्ष्य पिछले संस्करण से काफी बड़ा है, जब कंपनी ने लगभग 220,000 कंबल वितरित किये थे। गिफ्ट वार्म्‌थ की शुरूआत 2015 में हुई थी, ताकि भारत में तेज सर्दी का सामना करने वाले नागरिकता से वंचित और बेघर लोगों की मदद की जा सके। वितरण की प्रक्रिया रिन्यू पावर के पवन एवं सौर संयंत्रों में होगी, जहाँ रिन्यू के कर्मचारी उन जिला अधिकारियों के साथ होंगे, जोकि लक्षित जिलों में लाभार्थियों की पहचान करेंगे। कैम्पेन की शुरूआत जिला स्तर पर विधिवत लॉन्च से होगी, जिसके बाद सावधानी से चुनी गई जगहों के आस-पास तहसील और ग्रामीण स्तर पर वितरण होगा। यह अभियान छोटे पैमाने के उन व्यवसायों की प्रत्यक्ष तौर पर सहायता करता है, जिनसे कंबल प्राप्त किये जाते हैं और इस प्रकार स्थानीय अर्थव्यवस्था को मदद मिलती है। कंबलों का वितरण रात में कंपनी के कर्मचारियों द्वारा शरणस्थलों पर दान के रूप में किया जाएगा।

इस कैम्पेन को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, रिन्यू पावर की चीफ सस्टेनेबिलिटी ऑफिसर वैशाली निगम सिन्हा ने कहा, रिन्यू में,जरूरत पड़ने पर समुदायों को कुछ देना हमेशा से हमारा लक्ष्य रहा है और हमें गिफ्ट वार्म्‌थ के आठवें सफल संस्करण की शुरूआत करते हुए गर्व हो रहा है। हमारे देश के कुछ इलाकों में तेज ठंड पड़ती है, जिससे हर साल ऐसे कई लोग प्रभावित होते हैं, जो हमारे समाज के सबसे कमजोर तबकों से आते हैं। हमें यह समझने की जरूरत है कि यह जलवायु परिवर्तन का प्रत्यक्ष प्रभाव है, जिसमें हम थोड़े समय की, लेकिन तेज ठंड देख रहे हैं। हमें अपने उन कर्मचारियों पर गर्व है, जो बड़ी लगन से इस पहल के साथ जुड़े हैं और स्थानीय अधिकारियों के साथ जमीन पर काम करेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की मदद की जा सके। आने वाले संस्करणों के लिये हमने अपने वितरण की संख्या को बढ़ाने और कॉर्पोरेशंस को इस तरह के अभियान चलाने और अपने साथी नागरिकों की ओर मदद का हाथ बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित करने की योजना बनाई है।

# वॉलीवुड ओड़िया एसोशिएशन ने मनाया प्री न्यू ईयर सेलिब्रेशन



**मुम्बई, एजेंसी।** सन 2014 में सुभाष साहू, यश पटनायक के सहयोग से स्थापित वॉलीवुड ओड़िया एसोशिएशन के सदस्यों द्वारा प्री न्यू ईयर सेलिब्रेशन 24 दिसम्बर को मुम्बई में मनाया गया।इस संस्था द्वारा पिछले कई वर्षों से यह मनाया जाता रहा है। कल के इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में सूर्य नारायण गौड़ा जी और मुख्य अतिथि हरीश भांडीरगे (नगरसेवक बीएमसी) थे। उपाध्यक्ष उत्तर मध्य जिला भाजपा मुंबई। और विशिष्ट अतिथि साजिद खान संगीत निर्देशक (साजिद-वाजिद फेम) थे।

बीओए के नए अध्यक्ष श्री दिलीप साहू और उपाध्यक्ष चंद्रशेखर रथ चुने गए।इस कार्यक्रम में ओड़िया फिल्म से जुड़े लोगों को सम्मानित किया गया जिसमें फिल्म सम्पादन के लिए बंटी सरोज मोहंती, सुरेंद्र नाथ महापात्र(समाज सेवक),सूर्य नारायण गौड़ा (समाज सेवक), लोपिता मिश्रा (प्लेबैक सिंगर),सुदीप जेना (संगीत निर्देशक),जयंत साहू (कार्यकारी निर्माता),निर्मल मिश्रा ( वरिष्ठ पत्रकार),सौमेंद्र पाढ़ी, (फ़िल्म निर्देशक)राजेश मोहंती (फ़िल्म निर्माता) ,अशोक मंडल,(कला निर्देशक),निहार रंजन सामल,(ध्वनि डिजाइनर),अर्ज्य पटनायक,(निर्माता),काजल जेना ( फ़िल्म निर्देशक), स्मारक नायक (अभिनेता),फल्गु सतपथी (छायाचित्र निर्देशक),पंडित कैलाश पात्रा,(अंतर्राष्ठीय वायलिन वादक) संभावना मोहंती (अभिनेत्री),सुचरिता दास

मेकअप स्टाइलिस्टयश, पटनायक निर्माता को समानित किया गया। विदित हो कि जनवरी 2014 में अंतर्राष्ठीय पुरस्कार विजेता विज्ञापन फिल्म निर्माता डॉ. अविनाश नंदा के कठिन प्रयासों से बीओए अस्तित्व में आया था।जिन्होंने सभी शीर्ष बॉलीवुड हस्तियों और एक सामाजिक कार्यकर्ता को इस से जोड़ा। उल्लेखनीय है कि डॉ अविनाश नंदा 1000 से अधिक राष्ठीय और अंतर्राष्ठीय टीवी विज्ञापनों का निर्देशन किया है। इस कार्यक्रम के आयोजन में आयोजक श्री संजय कुमार महाकुद की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## भारत व दक्षिण पूर्व एशिया में निवेश को दुनिया के अरबपति दे रहे तरजीह, नॉर्थ अमेरिका भी फेवरेट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रूस यूक्रेन युद्ध और वैश्विक बाजार में जारी अनिश्चितताओं के बीच दुनिया भर के अरबपति और समेत दक्षिण पूर्व एशिया के अन्य देशों में निवेश को प्राथमिकता दे रहे हैं। सेक्टरों में वे मुख्य रूप से ऊर्जा, संभवतः दुनिया में जारी सप्लाई की दिक्कतों को देखते हुए और नवीकरणनीय ऊर्जा स्त्रोतों को बढ़ावा देने के लिए समर्थन दे रहे हैं। इस महीने की शुरुआत में जारी की गई यूबीएस बिलिनायर एंबिशंस रिपोर्ट 2022 में ये बातें सामने आई हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्तरी अमेरिका भी अपने विशाल घरेलू बाजार और जीवंत उद्यमशीलता संस्कृति के साथ निवेशकों के लिए एक लोकप्रिय क्षेत्र बना हुआ है। जबकि बाकी दुनिया से इस मामले में अब भी आगे मुख्य भूमि चीन इन फिलहाल इस मामले में फिसलता दिख रहा है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद कुछ निवेशक पश्चिमी यूरोप में भी निवेश करने के इच्छुक हैं।

अलग-अलग क्षेत्रों की बात करें तो एक सर्वे के अनुसार अरबपतियों की दिलचस्पी प्रोद्योगिकी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बनी हुई है। हालांकि आगे चलकर इन उद्योगों को सार्वजनिक इक्विटी मार्केट में घटते मूल्यांकन और रुचि का सामना करना पड़ा।

स्विस बैंक यूबीएस की ओर से जारी यह आठवीं रिपोर्ट है, जिसमें अरबपतियों को शामिल किया गया है और उनके ऐतिहासिक धन सृजन, व्यापार नवाचार और प्रभाव परोपकार के युग के दौरान उनकी संपत्ति और महत्वाकांक्षाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह रिपोर्ट 75 बाजारों में 2,500 से अधिक अरबपतियों पर यूबीएस एविडेंस लैब के सर्वेक्षणों, सवालों और सूचनाओं पर आधारित है।

सर्वे में 58 प्रतिशत अरबपति उत्तरदाताओं ने भारत और दक्षिण पूर्व एशिया को निवेश के लिए अपने पसंदीदा बाजार के रूप में चुना। केवल 42 प्रतिशत ने दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन को निवेश के लिए पसंदीदा स्थान बनाया। सर्वेक्षण में शामिल 50 प्रतिशत लोगों ने पैसा लगाने के लिहाज से उत्तरी अमेरिका का चुनाव किया।

## एंजल वन की वृद्धि का सिलसिला जारी; एनएसई पर सक्रिय ग्राहकों की संख्या में 47.9 प्रतिशत की जबरदस्त वार्षिक बढ़ोतरी

**मुंबई, एजेंसी।** फिनटेक कंपनी एंजल वन लिमिटेड (जिसे पहले एंजल ब्रोकिंग लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) का शानदार प्रदर्शन जारी है और यह एनएसई पर 4.23 मिलियन सक्रिय ग्राहकों के साथ तीसरा बड़ा ब्रोकर बनने में सफल रहा है। इस संख्या में सालाना आधार पर 47.9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्जकी गई है। डिजिटल फर्स्ट कंपनी की यह शानदार तरक्की आक्रामक तकनीकी प्रगति के आधार पर आई है ताकि ग्राहकों को सहज अनुभव प्रदान किया जा सके। इस साल की शुरुआत में, एंजल वन ने अपने सुपर एप का रोल-आउट आरंभ किया था। शुरुआत में इसे आईओएस और वेब यूजर्स के लिए लॉन्च किया गया था। एंड्रॉएड संस्करण नवंबर 2022 में सीमित यूजर्स के लिए पेश किया गया था। सुपर एप यानी- सरलता, पारदर्शिता, उपलब्धता, विश्वसनीयता और तेजी - जैसे पांच प्रमुख स्तंभों पर निर्मित है, जिसका मकसद ग्राहकों को एक सुरक्षित, सहज और व्यक्तिगत निवेश अनुभव प्रदान करता है। एंजल वन लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री नारायण गंगाधर ने कहा, %%हमारी नजर भविष्य पर है और हम नए-नए नवाचार लाने के मोड में हैं।




**कार्यालय थाना प्रभारी थाना श्यामला हिल्स भोपाल**

फोन नं. 0755-2677310, 2661477 E-mail psshyamla@gmail.com

क्रं./ थाप./श्या./D456/2022 दिनाँक 20/12/2022

**जाहिर सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना श्यामला हिल्स भोपाल मे मर्ग क्रं.14/2022 धारा 174 जाफौ. मे मृतक अज्ञात पुरुष उम्र लगभग 50-55 साल जिसका हुलिया - रंग - सावंला, चेहरा - लम्बा, कद -05 फिट 04 इंच लगभग, बदन -इकहरा (दुबला पतला), पहनावा - ब्लू रंग की टीशर्ट एवं पेन्ट पहने हुए है तथा दाहिने हाथ की कलाई के उपर ओम गुदा हुआ है। जो किलोल पार्क नगर निगम कार्यालय के पास कमला पार्क मे बीमार अवस्था में मिलने से एम्बुलैन्स के द्वारा इलाज हेतु हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी मृत्यु दिनांक 20/08/2022 को हो गई थी जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है यदि इस मृत व्यक्ति के संबंध मे किसी को कोई जानकारी हो या उसके परिजनो के संबंद मे कोई जानकारी हो तो थाना श्यामला हिल्स भोपाल मे आकर संपर्क करे अथवा दूरभाष क्रं. 0755-2677310 व जांचकर्ता सउनि देवीराम चौधरी के मो. नं. 7049135076 पर सूचित करे।

थाना प्रभारी
थाना श्यामला हिल्स भोपाल

जी- 20854/22



**कार्यालय थाना प्रभारी थाना निशातपुरा जिला भोपाल**

क्रं. - डी - 1106/2022 दिनांक - 17.12.2022

**आम सूचना**



निवेदन है कि दिनांक 30.10.2022 को सूचक दयाराम लोधी पिता श्री ईश्वर सिंह लोधी उम्र 42 साल निवासी लिटिल एंजिल स्कूल व मंदिर के पास जनता नगर करोद निशातपुरा भोपाल द्वारा सूचना देने पर कि सरदार पटेल स्कूल गेट के सामने नगर निगम की बैंच पर एक व्यक्ति चित अवस्था मे पडा हुआ था मैनें पास जाकर देखा तो वह राजू नाम का मजदूर है जो बोल चाल नही रहा है आँखें खुली हुई थी और सफेद रंग की टी शर्ट व गुलवाई लाईन की टाबिल लपेटे हुए है उसकी मृत्यु हो चुकी थी उसकी उम्र करीब 35 साल की होगी, राजू शराव पीने का आदि था। मैं उसके घर परिवार के बारे में कुछ नही जानता हूं। वह खाना पीना खाकर फूटपाथ पर सो जाता था, मैं सूचना देने आया हूं। कार्यवाही की जावें कि सूचना पर मर्ग क्रं. 65 / 2022 धारा 174 जा. फौ. का कायम कर जांच में लिया गया। दौराने मर्ग जाँच अज्ञात मृतक (राजू) के परिजनों की तलास बाबत काफी प्रयास किया गया है, लेकिन अभी तक अज्ञात मृतक के परिजनों के बारे में कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। अभी तक मात्र मृतक का नाम राजू होना पता चला है। अज्ञात मृतक के परिजनों की तलास हेतु दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन कराया जाना है। अतः अज्ञात मृतक के परिजनों की तलाश हेतु दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन कराने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना निशातपुरा भोपाल (म.प्र.)
फोनः 0755-2677390

जी- 20857/22

## स्टॉप डेम में घटिया गेट लगाने, विधायक को दिया ज्ञापन



**परासिया ।** जनपद पंचायत परासिया के अंतर्गत सिरगौरी खुर्द के समीप पेच और सुकरी नदी के संगम में निर्मित स्टॉप डैम मे घटिया गेट लगाए जाने के कारण पानी संग्रहित नहीं हो रहा है। उक्त समस्या को लेकर ग्राम पंचायत बरारिया के सरपंच मोहन कहार और सिरगोरी खुर्द की सरपंच श्रीमती चित्रा डेहरिया ने विधायक सोहन बाल्मीकि ज्ञापन सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि जल संसाधन विभाग द्वारा डैम के निर्माण के बाद तकनीकी खामियों के कारण उच्च गुणवत्ता के गेट नहीं लगाए गए जिसके कारण पानी नहीं रुक पाता, जिससे गर्मियों में क्षेत्र में जल संकट गहरा जाता है। डैम का निर्माण वर्ष 2016-17 में लगभग 4 करोड़ की लागत से किया गया था। इस डैम का मुख्य उद्देश्य बरारिया, सिरगोरी खुर्द, मैनावाडी के हजारों ग्रामीणों और पालतू जानवरों को जल उपलब्ध कराना है, लेकिन गेट से पानी लीक हो जाने के कारण जल संकट बढ़ गया है। विधायक सोहन बाल्मिक ने जल संसाधन विभाग के उच्च अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र उच्च गुणवत्ता के गेट लगाए जाने के लिए कहा है। इस संबंध में उचित कार्रवाई करने की बात अधिकारियों द्वारा कही गई है।

## 28 दिसम्बर पेंशनर्स दिवस पर पेंशनरों का होगा सम्मान

**छिन्दवाड़ा ।** म.प्र.पेंशनर्स एसोसिएशन भोपाल जिला शाखा छिन्दवाड़ा के जिलाध्यक्ष मीर जाहिद अली एवं उपप्रांतीय उपाध्यक्ष के.एस.सेंगर ने बताया कि दिनांक 28 दिसम्बर 2022 दिन बुधवार को प्रीत मैरिज लॉन मोहरली रोड़ कुकड़ा जगत छिन्दवाड़ा में समय दोपहर 12:30 बजे से माननीय श्री दीपक सक्सेना जी ,पूर्व मंत्री एवं विधायक प्रतिनिधि के मुख्य आतिथ्य में एवं माननीय विक्रम आहके महापौर नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा के विशेष आतिथ्य में पेंशनर्स दिवस पर पेंशनरों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस समारोह में पेंशनरों की व्यथा को माननीय कमलनाथ पूर्व मुख्यमंत्री भोपाल को इनके माध्यम एवं ज्ञापन से अवगत कराते हुये भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के वचन पत्र में शामिल करने हेतु निवेदन किया जायेगा। साथ ही एसोसिएशन के वरिष्ठ पेंशनर्स जिन्होंने 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर लिये है उनका विशेष सम्मान किया जायेगा। इस हेतु जिले एवं तहसील , ब्लॉक के सम्माननीय पेंशनरों साथियों से अनुरोध है स्वयं के समारोह में उपस्थित होकर गरिमामयी उपस्थिति अपेक्षित हैं।

## शीघ्र ही पुनर्मूल्यांकन करवाने की मांग

### छिंदवाड़ा, बालाघाट, बैतूल के छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति से की भेंट



**छिंदवाड़ा ।** ओबीसी महासभा छिंदवाड़ा, बालाघाट, बैतूल और भीम सेना छिंदवाड़ा द्वारा यूनिवर्सिटी छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न मांगो को लेकर कुलपति से भेंटकर पुर्नमूल्यांकन हेतु लभगग 750 छात्र-छात्राओं का आवेदन पत्र सौंपकर शीघ्र ही पुर्नमूल्यांकन करवाने की मांग की ताकि अनुत्तीर्ण हुये छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकारमय होने से बचाया जा सके एवं कुलपति से मुलाकात में उन्होंने कहा कि हमारे पास पर्याप्त स्टाफ एवं संसाधन नहीं हैं, परंतु हम 10-15 दिनों के अंदर इस कार्य को कर लेंगे । इस अवसर पर ओबीसी महासभा जिला अध्यक्ष विपिन वर्मा, बालाघाट ओबीसी महासभा अध्यक्ष सौरभ लोधी, अरविन्द यादव, जय भीम सेना प्रमुख शिवम पहाड़े, आकाश कहार, आदित्य राहंगडाले, राहुल पटले, युगल रनगिरे, अंजली पिण्डारकर, सभ्या दमाहे, नेहा सोनी, आकाश मुके आदि उपस्थित थे ।

## नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रभु यीशु मसीह का मनाया जन्मदिन

**छिंदवाड़ा ।** ईसाई धर्म का प्रमुख त्यौहार क्रिसमस प्रतिवर्ष भारत सहित संपूर्ण विश्व में 25 दिसंबर को मनाया जाता है, क्रिसमस का पर्व ईसाई धर्म के संस्थापक प्रभु यीशु के जन्म दिवस के रूप में मनाया जाता है



। ईसाई धर्म के इस पवित्र त्यौहार के अवसर पर नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती संतोषी गजभिये द्वारा नागपुर रोड स्थित ई.एल.सी. चर्च पहुँचकर प्रभु ईशु के जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दी एवं प्रार्थना में शामिल हुई। इस अवसर पर बिशव एस.के. सुक्का, पास्टर शांतिमन लाल सहित समाज के गोलू जार्ज, सतीश जार्ज, हैप्पी सिंह, अनिल गजभिये, वार्ड नंबर नंबर 33 के पार्षद चन्द्रभान चंदू ठाकरे, रंजीता सिंह, रूमा जार्ज आदि उपस्थित थे। श्रीमती गजभिये द्वारा समस्त नगरवासियों को भी क्रिसमस पर्व की शुभकामनायें दी और प्रभु ईशु के बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया ।

## 29 दिसम्बर को भाजपा निकालेगी छिंदवाड़ा स्वाभिमान यात्रा

**छिंदवाड़ा।** 29 दिसम्बर को कोयलांचल के बड़कुही से परासिया तक भारतीय जनता पार्टी की छिंदवाड़ा स्वाभिमान यात्रा निकलेगी । तदाशय की प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री टीकाराम चन्द्रवंशी ने बताया कि आगामी 29 दिसम्बर को छिंदवाड़ा के सांसद नकुलनाथ की भारत जोड़ों यात्रा के झूठ को पर्दाफास करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेक बंटी साहू एवं जिले के सभी प्रमुख नेताओं के नेतृत्व में भाजपा की छिंदवाड़ा स्वाभिमान यात्रा निकलेगी जो बड़कुही के दुर्गा माता मंदिर प्रांगण से दोपहर 12 प्रारंभ होकर चांदामेटा होते हुए परासिया के बस स्टेंड में समापन एवं विशाल आमसभा होगी ।

## रिश्तेदार ने की मारपीट मामला दर्ज

**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा नगर के समीपस्थ ग्राम सारसडोल निवासी किरण कवरेती को गांव के रिश्तेदार रामकुमार करेती ने दरवाजे क्यों खोल कर रखे हैं कहकर दरवाजा बंद करके सो जा कहकर गंदी गालियां देकर मारपीट किया तथा दोबारा अगर रात को दरवाजा खोली तो जान से खत्म कर दूंगा धमकी दीया महिला की रिपोर्ट पर उप निरीक्षक आरपी चौधरी ने प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

# सिंचाई काम्पलेक्स में एडवान्स दिया किन्तु कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ

## किसान मोर्चे ने किया प्रदर्शन



**छिंदवाड़ा ।** भाजपा किसान मोर्चा सारना मंडल के ग्राम मेघासिवनी में भाजपा किसान मोर्चा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई जिसमें भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री संजय सक्सेना ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं छिंदवाड़ा विधायक कमलनाथ ने 2 हजार करोड़ का सिंचाई कंपनी को एडवांस पेमेंट देकर तथा कार्य आरंभ न करवाकर किसान के साथ अन्याय किया है पूर्व में ही पाईप के टेंडर हो चुके थे जिसे निरस्त करवाकर तात्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने 18 नए टेंडर लगवाए एवं उन्हें नियम बदलवाकर अग्रिम भुगतान भी कर दिया इसी प्रकार माइक्रोलिफ्ट ऐरिकेशन एक को भी अग्रिम भुगतान कर एवं कार्य आरंभ न करवाकर किसानों के साथ अन्याय किया है । इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय पटेल ने कहा कि तात्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री ट्रांसफार्मर अनुदान योजना बंद कर दी जिससे कि किसान अपने खेत में सब्सिडी का लाभ उठाकर ट्रांसफार्मर नहीं लगवा पा रहे है एवं 10 दिन में कर्जा माफ करने का वादा कर तथा सरकार बनने के 15 महिने बाद भी किसानों का कर्जा माफ नहीं किया लाल, गुलाबी, सफेद फार्म भरवाने के बाद भी किसानों का कर्जा माफ नहीं हुआ तथा किसान बैंक में डिफाल्टर हो गया । जहां पहले 80 प्रतिशत किसान रैगूलर थे अब मात्र 30 प्रतिशत किसान रैगूलर है किसानों को डिफाल्टर करने का पाप भी कमलनाथ कांग्रेस ने किया है, इसी प्रकार उन्होंने वचन पत्र दिए अपने बादे की दुग्ध उत्पादक किसानों को 5 रूपये लीटर बोनस एवं गन्ना उत्पादक किसानों को 5 रूपये प्रति क्विंटल के बोनस देने का वादा भी पूरा नहीं किया साथ ही 4 हजार रूपये बेरोजगारी पेंशन तथा 1 हजार रूपये पेंशन देने का वादा भी पूरा नहीं किया । विधायक बनने के 4 साल पूरा होने के बाद अपनी विधासभा के ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार भी नहीं गए, इसलिए उन्हें किसानों की जमीनी हकीकत के बारे में पता नहीं है । भाजपा किसान मोर्चा उनसे यह जानना चाहता है कि उनकी पूर्व की घोषणा सौसर में जूस फैक्ट्री, अमरवाड़ा में माचिस उद्योग, चौरई में सुगर मिल जैसे वादों का क्या हुआ? इन सब वादों को लेकर उन्होंने छिंदवाड़ा विधायक एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का मेघासिवनी में पुतला जलाया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र शाह ने कहा कि कमलनाथ ने आदिवासियों को सिर्फ वोट बैंक समझा है। इस अवसर पर साथ में किसान मोर्चा के अविनाश पटेल, अमित सल्लाम, मंडल महामंत्री रूपसिंह पटेल, अन्त्योदय प्रकोष्ठ के निमेश चौधरी, अरूण चौधरी, नरेश ठाकुर, अनुज चौधरी, अखलेश पंचेश्वर, देवेन्द्र विश्वकर्मा, मोतीलाल साहू, मनीष वर्मा, रामा उसरेठे, श्याम बंदेवार,भरत साहू, सुरेन्द्र उसरेठे, चन्द्रविजय बंदेवार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित रहे ।

## अंतिम छोर तक पहुंचे नहर का पानी, सभी कृषकों को समान रूप से मिले सिंचाई का लाभः कलेक्टर

### कलेक्टर श्रीमती पटले ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा



छिन्दवाड़ा । कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सामान्य निर्वाचन के अंतर्गत सभी रजिस्ट्रीकरण और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्वाचक नामावली में मतदाताओं के ब्लैक एंड व्हाइट फोटोग्राफ्स के स्थान पर कलर्ड फोटोग्राफ लगाने का कार्य आज पूरा कराएं। फॉर्म 6, 7 और 8 में प्राप्त दावे-आपत्तियों के निराकरण की आज अंतिम तिथि है, सभी का निराकरण सुनिश्चित कराएं। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र प्राथमिक शाला अंबाड़ा में आवश्यक मरम्मत का कार्य एक सप्ताह के अंदर कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि कुछ विद्यार्थी डाइट सत्र 2017 से 2019 की फाइनल अंकसूची प्राप्त करने के लिए परेशान हो रहे हैं, डाइट प्राचार्य इसे गंभीरता से लें और वरिष्ठ कार्यालय से समन्वय बनाते हुए विद्यार्थियों को मार्कशीट दिलवाना सुनिश्चित कराएं। कलेक्टर श्रीमती पटले आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की एक-एक कर विस्तृत समीक्षा के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। बैठक में शासन के निर्देशानुसार कोविड की नवीन लहर की संभावना के दृष्टिगत जिले में बचाव की तैयारियों के संबंध में जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ रिव्यू भी किया गया और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य और राजस्व के अमले को शामिल करते हुए कमेटी बनाएं और अपने-अपने क्षेत्र में संचालित पैथोलॉजी लैब की जांच कराएं। लैब में डॉक्टर की नियमित उपस्थिति, कर्मचारियों की योग्यता, बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित डिस्पोजल और विधिवत संचालन की जांच करें, अन्यथा की स्थिति में लैब का उपयोग केवल कलेक्शन सेंटर की तरह ही कर सकेंगे। बैठक में जिले के सभी पंजीकृत निजी नर्सिंग होम में अग्नि सुरक्षा नियमों के पालन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 58 निजी नर्सिंग होम संचालित हैं जिनमें से 7 के पंजीयन निरस्त, 20 में टेंपरेरी एनओसी उपलब्ध और 31 में टेंपरेरी एनओसी उपलब्ध नहीं पाई गई। इन 31 में से 20 में फायर इक्विपमेंट इंस्टालेशन पूर्ण हो चुका है और 11 प्रोसेस में हैं। कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारियों को फायर इक्विपमेंट इंस्टालेशन पूर्ण करा चुके नर्सिंग होम्स का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार पांढुर्णा को आवेदक श्री लखन देशमुख एवं अन्य के अतिक्रमण हटाने से संबंधित आवेदन पर अपेक्षित कार्यवाही 15 दिवस के अंदर पूर्ण कराने और सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को स्वीकृत पद से अधिक अतिथि शिक्षकों को शालाओं में पदस्थ करने की शिकायत पर त्रि-स्तरीय जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर कार्यवाही करने और लापरवाहों की जिम्मेदारी तय करते हुए वसूली की कार्यवाही कराने के निर्देश दिए हैं बैठक में कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग, एमपीईबी और राजस्व विभाग के अधिकारियों की टीम को संयुक्त निरीक्षण करने और नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

## उत्तम धर्म है अहिंसाः नागेंद्र ब्रह्मचारी

**छिन्दवाड़ा।** भूषण बाड़ी सुभाष कालोनी वार्ड क्रमांक 33 में आयोजित श्री मद भागवत कथा में आज कथा के चौथे दिन व्यासपीठ से महामंडलेश्वर श्री नागेंद्र ब्रह्मचारी जी ने कृष्ण जन्म की कथा बताते हुए कहा कि जीवों की हत्या से बढ़कर कोई पाप नहीं होता कंस ने संत महात्माओं एवं भक्तजनों को सताने का कार्य किया जिसके विनाश के लिए भगवान को अवतार



लेना पड़ा मंदिरों में स्थापित मूर्तियों हमारे द्वारा बनाई जाती है परंतु सृष्टि के समस्त प्राणी जीव परमात्मा के द्वारा बनाई गई मूर्तियां है इसलिये उनकी रक्षा के लिए परमात्मा को अनेकों बार किसी ना किसी रूप में अवतार लेकर हमारे बीच आते हैं हिरण्यकश्यप के अत्याचार के कारण भगवान खंभे से नरसिंह रूप धारण कर अवतार लिए त्रेतायुग में रावण के अत्याचार के कारण श्री राम रूप धारण कर भगवान अवतार लिये और रावण का अंत किये रावण अखण्ड ज्ञानी होने के बाद भी वही कार्य किये मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है पाप से दरिद्रता आती है देवताओं की रक्षा के लिए समुद्र मंथन से लक्ष्मी जी प्रकट हुई सत्कर्म से घर मे लक्ष्मी का निवास होता है कृष्ण जन्म के अवसर पर अनेक रूप में भगवान कृष्ण की झांकी बनाई गई गरबा नृत्य के माध्यम से भगवान का जन्म उत्सव हुआ नंद घर आनंद भयो के जयकारों से सारा वातावरण गुंजायमान हो गया मानो साक्षात कृष्ण आएं हो भक्तों ने परम आनंद लिया प्रतिदिन सुबह 9 बजे से भगवान भोले बाबा का अभिषेक किया जा रहा है अनेक छोटी छोटी कथाओं को बताया।आरती प्रसाद का वितरण हुआ कल कथा के पांचवे दिन बाल लीला माखन चोरी सहित अन्य कथाओं का सार बताया जायेगा ।

## खिरेटी स्कूल में 6 नग सीसीटीवी कैमरे चोरी,थाने में मामला दर्ज

**अमरवाड़ा।** विकासखंड अमरवाड़ा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरेटी में रविवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों द्वारा 6 नग सीसीटीवी कैमरे चोरी कर लिए गए। सोमवार को जब स्टाफ स्कूल पहुंचा तो सब टूटा फूटा मिला। जिसको देखते हुए स्कूल प्राचार्य द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वही बताया जा रहा है कि शाला कैंपस के पेड़ों को भी क्षतिग्रस्त करते हुए शालेय सामग्रियों की चोरी करने का भी प्रयास किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## अवैध रेत से भरी टैक्टर ट्राली पुलिस ने पकड़ी, अज्ञात के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

**न्यूटन/परासिया ।** न्यूटन पुलिस ने अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली को जब्त किया। पुलिस को देखते ही वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध चोरी का प्रकरण दर्ज कर उसकी तालाश में जुटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार तड़के न्यूटन नंबर 9 से अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। जहां पुलिस को एक बिना नंबर की ट्रैक्टर ट्राली रेत भरी हुई मिली। पुलिस को देखते ही मौके से वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस ने रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली को न्यूटन चौकी परिसर में खड़ा कराया और अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 379 एवं गौण खनिज अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश में जुटी। ज्ञात होती न्यूटन पेंच नदी में आजकल रेत माफियाओं का कब्जा है जो रात के अंधेरे से सुबह होने तक अवैध रेत का उत्खनन कर परिवहन किया जा रहा हैं जिससे प्रशासन को नुकसान पहुंच रहा है।

## समाज सेवी दीपकराज जैन दूसरी बार बने स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर

### 5 स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर एवं 23 स्वच्छता चैंपियंस की हुई घोषणा

**छिन्दवाड़ा ।** विविध उपलब्धियों के साथ छिन्दवाड़ा नगर पालिक निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण वर्ष 2022 में प्रदेश स्तर पर ही नही राष्ट्रीय स्तर पर भी नगर का गौरव बढ़ाया ओर यह सब सार्थक हो सका नगर की जनता, नगर पालिका निगम की पूरी टीम स्वच्छता दूत एवं स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडरों की कड़ी मेहनत से। स्वच्छ सर्वेक्षण वर्ष 2023 में छिन्दवाड़ा ओर अधिक ऊंचाइयों को छूकर प्रदेश सहित देश में अपना नाम रोशन करे इस पवित्र भावना को लेकर नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा द्वारा वर्ष 2023 के लिए 5 स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडरों सहित 23 स्वच्छता चैंपियंस की घोषणा कर उन्हें नगर निगम सभा कक्ष में सम्मानित किया।



जिसमे विविध आयोजनों के माध्यम से स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में विशेष सहयोग कर छिन्दवाड़ा को अवार्ड दिलाने वाले वरिष्ठ समाज सेवी दीपकराज जैन को दूसरी बार वर्ष 2023 का नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर का दायित्व सौंपकर उनको सम्मानित किया गया। जिनके साथ अन्य चार समाज सेवियों में कुमारी विनीता नेटी, बादल भारद्वाज, हरनाम सिंह भट्टी एवं डॉक्टर घनश्याम दुबे को ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया।

**23 नागरिकों को बनाया स्वच्छता चैंपियंस**

5 स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडरों के साथ 23 सेवाभावी समर्पित नागरिकों सहित बहनों को स्वच्छता चैंपियंस बनाया गया जिनमे सुनील मिश्रा, अमित लखेरा, राजू पवार पेंटर, श्रीमती ममता राय, मोहन चांडक, नीलेश जैन, श्रीमती माया चौहान, सचिन मक्कड़, कपिल पिंगले, श्रीमति पूर्णिमा मालवी पार्षद, श्रीमती सरिता काले पार्षद, राजेश मोखलगाय पार्षद, मुकुल सोनी, श्रीमती अर्चना सारवान, श्रीमती विजया घोंघे प्राध्यापक, समाजसेवी स्यामल राव, पत्रकार सचिन गुप्ता, आनंदी लाल डेहरिया, संगीतकार कमलेश बरमैया, श्रीमती रेखा शर्मा, श्रीमती बरखा साहू, श्रीमती संतोषी गजभिये एवं सुनील मिश्रा को स्वच्छता चैंपियंस बनाकर उन्हें सम्मानित किया गया।इस अवसर पर नगर पालिक निगम स्वास्थ अधिकारी अनिल मालवीय, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर दीपकराज जैन सहित बड़ी संख्या में समाज सेवी, गणमान्य नागरिक एवं स्वच्छता दूत उपस्थित थे। सभा का सफल संचालन राजकिशोर द्वारा किया गया। सभी ने वर्ष 2023 में छिन्दवाड़ा को नम्बर वन बनाने का संकल्प लिया ओर स्वच्छ छिन्दवाड़ा सुंदर छिन्दवाड़ा की तैयारी प्रारंभ कर दी।

## प्राध्यापक डॉ. अनिल जैन ने दिया व्याख्यान




**छिंदवाड़ा ।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा के प्राध्यापक डॉ. अनिल जैन ने शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय उज्जैन के वाणिज्य विभाग में विषय विशेषज्ञ के रूप में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया डॉ. जैन ने महिला सशक्तीकरण पर भी अपना व्याखयान दिया। श्री जैन 27 दिसंबर को विक्रम विश्व विद्यालय युनिवर्सिटी में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट को लेकर व्याख्यान देंगे।



## यात्री बस ने मारी टक्कर, वाहनों की रफ्तार पर नहीं लग

**छिंदवाड़ा ।** सड़क हादसों की खबरें बताती हैं कि जिले में रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रही है। हादसों में लगातार लोगों की जान जा रही है लेकिन विभाग केवल हेलमेट और सीट बेल्ट के चालान काटने में जुटा हुआ है। जिले में इन दिनों सड़क हादसों का गढ़ बना हुआ है जिले के कई इलाकों से सड़क हादसे में होने वाली मौत की खबरें आम हो गई है। सड़क हादसे में होने वाली मौत का ग्राफ भी लगातार बढ़ रहा है। वहीं दूसरी ओर यातायात विभाग और आरटीओ का अमला चालान काटने में जुटा हुआ है। सड़क हादसों की इस श्रंखला में एक और दर्दनाक हादसा हुआ जिसमें पिता पुत्र की मौत हो गई है। मामला छिंदवाड़ा से पिपरिया मार्ग पर स्थित देलाखारी चौकी अंतर्गत मुंगरिया तिराहा के पास की है। जहां बाइक पर जा रहे पिता सनीलाल भारती और 12 वर्षीय बेटा मेहरबान सिंह भारती को पिपरिया की ओर से आ रही निजी ट्रांसपोर्ट की यात्री बस ने अनियंत्रित गति से जोरदार टक्कर मारी। जिसमें स्थल पर ही सनीलाल भारती की मौत हो गई। वही पुत्र मेहरबान को गंभीर चोट आने के चलते तामिया अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत बिगड़ती देख जिला अस्पताल छिंदवाड़ा रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मेहरबान भारती की मौत हो गई। पुलिस इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। जानकारी देते हुए देलाखारी चौकी के एस आई उईके ने बताया कि बाईक में पिता पुत्र अपने घर की ओर जा रहे थे बस के चालक ने तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक वाहन चलाया जिससे दोनों को चोटें आई जिससे इलाज के दौरान मृत्यु हो गई बहरहाल एक बार फिर, सड़क हादसे ने घर के चिराग को तो बुझाया ही वहीं, मुखिया की जान भी ले ली । अनियंत्रित वाहनों की गति पर लगाम लगा पाने में ना यातायात विभाग असफल रहा, ना ही आरटीओ का अमला। लापरवाही का नतीजा यह है कि अब तक कई घरों के चिराग अनियंत्रित सड़क दुर्घटना में बुझ गए हैं। तो वही परिवार के मुखिया भी असामयिक काल के गाल में समा गए हैं। बावजूद इसके संबंधित विभाग इन दिनों हेलमेट और कार की सीट बेल्ट को लेकर युद्ध स्तर पर चालानी कार्रवाई में जुटा हुआ है। ऐसे में नागरिकों को अपनी सुरक्षा स्वयं करनी होगी, और सड़क पर चलते समय पूरी तरह सावधानी बरतनी होगी। तभी आप वापस घर लौट सकते हैं। नहीं तो हादसे का शिकार होना अब आम हो गया है...

### पेड़ से बाइक सवार के टकराने से मौके पर हुई मौत



**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत नगर के समीपस्थ ग्राम लहगडुआ गुटेरा रोड पर बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने से बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई घटना इस प्रकार बताई जाती है कि सोमवार की दोपहर में लहगडुआ के पास बिछुआ धनोरा निवासी अनूप उईके अपने घर धनोरा बिछुआ जा रहा था इसी दौरान बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई और मौके पर बाइक सवार अनूप की मौत हो गई मौके पर आसपास के लोगों ने इसकी सूचना अमरवाड़ा पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को अमरवाड़ा के हॉस्पिटल भेजा और शव का पंचनामा बनाकर मामले को पंजीबद्ध किया

## वाजपेयी की जन्म जयंती पर बांटे कंबल

**अमरवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा नगर मण्डल अमरवाड़ा के द्वारा जरुरतमंद गरीबों को कंबल वितरण किया गया नगर मण्डल युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित नेमा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष नीरज पटेल,अजय साहू मयंक ठाकुर, राहुल साहू पूर्व पार्षद लक्की पंकज चौरसिया, लालू ढोहके , अंशुल साहू,सौरभ सोनी, कुलदीप डेहरिया, भरत पीपले समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश युवा नीति निर्माण पर युवाओं ने निकाली रैली




**छिंदवाड़ा ।** राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय में युवा संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तावित मध्य प्रदेश युवा नीति के निर्माण के संबंध में जागरूकता हेतु विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, रोजगार, कौशल विकास, उद्यमशीलता व सामाजिक न्याय की प्रस्थापना हेतु किए जा रहे नवाचार के संबंध में सुझाव और विचारो को प्राप्त कर नीति निर्माण में शासन की सहायता करना है। प्राचार्य डॉ.अजरा एजाज के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ.विजय कलमधार ने छात्राओं को युवा नीति के महत्व और उपयोगिता के संबंध में सारगर्भित उद्बोधन दिया तथा छात्राओं को अपने अमूल्य सुझाव, सुझाव पेटिका में प्रेषित करने का आव्हान किया। इस अवसर पर प्रो.सुरेश बाटड़, प्रो.पूनम उसरेठे, डॉ सिंपल पाटिल, डॉ.प्रशांत बेलावंशी, रेशमा खान, प्रमोद झाड़े, श्री नागोतीया, श्री डोंगरे के साथ कॉलेज स्टॉफ उपस्थित रहा।

## देश की 313 पवित्र नदियों के जल से होगा महाकाल का महाअभिषेक

### तामिया ग्वाल नदी का जल पहुंचा महाकाल लोक



**छिंदवाड़ा/तामिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक पवन सहगल जी के दिशा निर्देश ब्लॉक समन्वयक राजू मांडवे के मार्गदर्शन में उज्जैन महाकालेश्वर मैं होने वाले सुजलाम जल महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत तामिया ग्राम की ग्वाल नदी का जल पूरे विधि विधान से पूजन पाठ कर कलश में लेकर पांचों नवांकुर संस्था के अध्यक्ष धर्मेंद्र वासनिक, प्रदीप उईके, रघुवीर पन्द्राम, पंकज राय, मेंटर्स सुभाष मिनोटे ,स्वाति सूर्यवंशी,चंद्रकांत विश्वकर्मा, संदीप पन्द्राम , बीएसडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू के छात्र एवं छात्राएं गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि सभी की उपस्थिति में बड़े जोश के साथ नारे लगाते हुए पंडित जी ने विधि विधान मंत्रों द्वारा जल लेकर कलश में भर के थोड़ी दूर यात्रा के रूप जोरदार महाकाल शिव जी की जय जय कार करते हुए पांचों नवांकुर के सदस्यों को उज्जैन महाकालेश्वर भोलेनाथ के जलाभिषेक के लिए रवाना किया गया शिव को जल प्रिय है इसलिए सुजलाम जल महोत्सव का आयोजन पृथ्वी के नाभि केंद्र पर स्थित ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में हो रहा है इसी क्रम में तमिया जन अभियान परिषद के ब्लाक समन्वयक राजू मांडवे के नेतृत्व में जल कलश लेकर दल उज्जैन के लिए रवाना हुआ ।

# मुख्यमंत्री ने किया पौधरोपण, शहीदों के ग्राम से लाई गई मिट्टी को किया नमन



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मुरैना जिले के ग्राम तरसमा (पोरसा) से भोपाल तक शहीद यात्रा 2022 के यात्रियों के साथ पौधरोपण किया। श्री चौहान ने ग्राम तरसमा से लाई गई मिट्टी को नमन किया और पौधरोपण में इस मिट्टी का उपयोग किया। इस ग्राम से वर्ष 1942 से अब तक करीब 15 जवान भारत माता की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा शहीदों के ग्राम से लाई गई पवित्र माटी को नमन करता हूँ। यह माटी कलश और यह ग्राम देशभक्ति की प्रेरणा देने का कार्य करता है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ पोरसा नगर पालिका के उपाध्यक्ष अरविंद सिंह तोमर, शहीद यात्रा 2022 के संयोजक अंकित तोमर, महेश सिंह, मयंक सिंह, मनोज सिंह, अनिल उपाध्याय, डॉ. राघवेंद्र और राजेश शुक्ला ने भी पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री के साथ वरिष्ठ समाजसेवी राधेश्याम अग्रवाल और उनके परिजन ने जन्म वर्षगांठ पर पौधे लगाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राधेश्याम अग्रवाल को जन्म वर्षगांठ की बधाई दी। इस अवसर पर मोहित अग्रवाल, श्रवण, मोहित, उमेश और सुश्री अनन्या अग्रवाल उपस्थित थे। धाकड़ महासभा के पदाधिकारीगौरी शंकर नागर ने भी पौधे लगाए। इस अवसर पर गौरव, चहक नागर, श्रीमती सरोज नागर और सरदारी लाल नागर उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने आज खिरनी, कदम और कचनार के पौधे लगाए। पौधरोपण में उपस्थित सभी व्यक्तियों ने श्रमदान भी किया।

# भोपाल के ऑक्सीजन प्लांट में डेढ़ महीने से बिजली बंद, अस्पतालों में माक ड्रिल शुरू

**भोपाल।** प्रदेश भर के अस्पतालों में आज कोविड के नए वैरिएंट बीएफ.7 से निपटने के लिए मॉकड्रिल हो रही है। स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा, आयुष, गैस राहत और केंद्र सरकार के हेल्थ इंस्टीट्यूट्स में मॉकड्रिल की जा रही है। परखा जा रहा है कि स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, आइसोलेशन बेड कैपेसिटी, ऑक्सीजन फैसिलिटी वाले बेड, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर बेड प्रॉपर हैं कि नहीं। भोपाल और गुना में कमियां मिली हैं।

भोपाल के जिला अस्पताल जेपी हॉस्पिटल में मॉकड्रिल के दौरान बड़ी चूक सामने आई। हॉस्पिटल कैंपस में लगे दो ऑक्सीजन प्लांट में से एक पीएसए प्लांट की बिजली सप्लाई केबल पीछे से कट गई। हॉस्पिटल की नई बिल्डिंग के कंस्ट्रक्शन वर्क के चलते केबिल कट गई और पीएसए प्लांट में मेजर फॉल्ट हो गया। डेढ़ महीने से प्लांट बंद था। जब सरकार ने मॉकड्रिल के निर्देश दिए, तब जाकर एलएंडटी कंपनी के इंजीनियर पहुंचे और प्लांट की रिपेयरिंग शुरू की। मॉकड्रिल के दौरान भी इंजीनियर प्लांट को दुरुस्त करने में जुटे रहे। स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों में वर्तमान में 1685 आईसीयू बेड्स तैयार हैं। इसके अलावा प्रदेश की सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में 15490 ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स हैं।

प्रदेश में कोरोना मरीजों के लिए चिह्नित सरकारी अस्पतालों में 736 वेंटिलेटर, 824 बीआईपीएपी मशीन, 153 हाई फ्लो नेजल केनुला उपलब्ध हैं। बच्चों के लिए 1105 अतिरिक्त ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड्स, 626 पीडियाट्रिक आईसीयू बेड्स तैयार किए गए हैं। वर्तमान में एक्टिव पीआईसीयू में 140 पीडियाट्रिक वेंटिलेटर, 65 एडवांस आईसीयू वेंटिलेटर, 54 बीपीआईपी, 99 हाई फ्लो नेजल केनुला उपलब्ध हैं। जरूरत के लिए 13036 रेमडेसिविर इंजेक्शन सेंट्रल वेयर हाउस स्टोर किए गए हैं।





## मंत्री विश्वास सारंग ने हमीदिया में जांची व्यवस्थाएं

आज भोपाल के अस्पतालों में भी माकड्रिल के जरिए कोरोना महामारी के संभावित खतरे से बचने के लिए की गई व्यवस्थाओं को परखा जा रहा है। सुबह तकरीबन साढ़े दस बजे यह माकड्रिल शुरू हुई। प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग सुबह हमीदिया अस्पताल पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान आक्सीजन प्लांट की भी टेसटिंग की गई। हमीदिया अस्पताल में कुल ऑक्सिजन प्लांट की क्षमता 2000 एलपीएम है। आक्सीजन प्लांट में 24 घंटे जीपीएस सिस्टम से भी मानिटरिंग की व्यवस्था है। इसके अलावा हमीदिया अस्पताल में कुल 1498 बिस्तर हैं, जिसमे 1045 आक्सीजन बेड हैं। इस अवसर पर मंत्री सारंग ने कहा कि अस्पतालों में पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। हर परिस्थिति से निपटने को तैयार हैं।

## सांची के बाद अब सौरभ-श्रीधी दूध भी महंगा: प्रति लीटर 2-2 रुपए बढ़े, आज से लागू होंगे रेट

**भोपाल।** सांची के बाद अब सौरभ और श्रीधी दूध के रेट भी बढ़ गए हैं। प्रति लीटर पर 2-2 रुपए बढ़े हैं। सौरभ के रेट सोमवार से बढ़े, तो श्रीधी मंगलवार को नए रेट पर मिलेगा। सभी वैरायटियों के रेट में बढ़ोतरी की गई है। ऐसे में आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। सांची ने 25 दिसंबर को कीमतें बढ़ाई थी।




भोपाल में पैकेट वाले दूध में सबसे ज्यादा बिक्री सांची की होती है। रोजाना एवरेज 3 लाख लीटर दूध बिकता है। अमूल की खपत 80 हजार लीटर है। इसके बाद सौरभ, श्रीधी, मदर डेयरी के दूध भी पैकेट में बिकते हैं। सौरभ और श्रीधी की बात करें, तो इनकी करीब 1 लाख लीटर दूध की खपत शहर और भोपाल के ग्रामीण इलाकों में है। मदर डेयरी ब्रांड के दूध की ज्यादातर खपत शहर में ही होती है।

भोपाल में पैक्ड दूध की तुलना में खुले दूध की बिक्री ज्यादा होती है। खुले दूध की खपत 6 से 8 लाख लीटर तक प्रतिदिन है। श्रीधी ने अपने 12 में से 11 वैरायटी के दूध के रेट बढ़ाए हैं। बढ़े हुई दर 27 दिसंबर से लागू हो जाएगी। यानी आज से ग्राहकों को नए रेट पर दूध मिलेगा। सुपर गोल्ड का आधा लीटर का पैकेट पहले 32 रुपए में मिलता था। अब 33 रुपए में मिलेगा। गोल्ड (6 लीटर) पहले 396 रुपए में था। अब 408 रुपए में मिलेगा।

## इंदौर से जल्द चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस, देश की सबसे तेज ट्रेन होगी

**इंदौर।** प्रदेश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन इंदौर से जनवरी में शुरू होने की संभावना है। इंदौर-जयपुर और इंदौर-जबलपुर के लिए ट्रेन को चलाने का प्रस्ताव है। कयास लगाए जा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने इंदौर दौरे के लिए ट्रेन के शुरू होने की तारीख का ऐलान कर सकते हैं।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि हमारी तरफ से तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। इस संबंध में सांसद शंकर लालवानी ने भी रेलवे अफसरों से बात की है। यह ट्रेन 52 सेकंड में 100 किमी की रफ्तार पकड़ सकती



है। रेलवे सूत्रों के अनुसार इंदौर और जयपुर के बीच वंदे भारत ट्रेन का रूट उज्जैन वाला रहेगा। वंदे भारत ट्रेन जयपुर के दुर्गापुरा से दोपहर 3.10 बजे चलेगी। ये सवाई माधोपुर, नागदा, उज्जैन से होते हुए रात 12.15 बजे इंदौर पहुंचेगी। वापसी में ये ट्रेन सुबह 5.50 बजे चलकर उज्जैन, नागदा, सवाई माधोपुर होते हुए दुर्गापुरा (जयपुर) पहुंचेगी। जबलपुर के लिए भोपाल के रास्ते ही इस ट्रेन को चलाया जा सकता है।

सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि वंदे भारत ट्रेन का रूट इंदौर-जयपुर, इंदौर-जबलपुर का प्रस्तावित है। इस संबंध में मेरी रेलवे के अधिकारियों से बात हुई है। रेलवे डिपार्टमेंट की ट्रेन के संचालन को लेकर पूरी तैयारी है। ये भारत में चलने वाली सबसे तेज ट्रेन होगी।

# उत्तरी हवाओं के कारण दिन में भी ठंडक ग्वालियर- नौगांव रहा सबसे ठंडा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में उत्तरी हवाएं आना शुरू हुई हैं, जिसके कारण ठंड काफी बढ़ गई है। ग्वालियर में न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस और नौगांव में 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। भारतीय मौसम केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक अभी भी लगातार आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट की संभावना बता रहे हैं। भोपाल समेत मध्य प्रदेश के कई शहर शीतलहर की चपेट में आ गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार नए साल की शुरुआत में उत्तर के पहाड़ी राज्यों से लेकर पूर्वी और उत्तरी मध्य प्रदेश के अधिकांश इलाकों में घना कोहरा रह सकता है।

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में काफी ठंड पड़ रही है। क्रिसमस के बाद से ही इतनी ठंड पड़ रही है। बीती रात भोपाल के तापमान में 2.4 डिग्री की गिरावट हुई, जबकि दिन का पारा 2.6 डिग्री लुढ़क गया और तापमान 23 डिग्री पर पहुंच गया और रात का तापमान 11.5 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश में ठंड ने अपना रंग दिखाना किया शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने प्रदेस के कई हिस्सों में धुंध छाने का अलर्ट जारी किया है।

### मध्य प्रदेश में इंदौर- भोपाल और जबलपुर में कोहरा

अभी ग्वालियर और इंदौर में कोहरा छाने लग रहे हैं। जबलपुर में भी कोहरा पड़ रहा है। भोपाल में सुबह के समय हल्का कोहरा है। अगले कुछ दिनों में ग्वालियर,चंबल में कोहरा और बढ़ सकता है। यहां पर दृश्यता एक किलो मीटर तक रह गई है। मौसम विभाग का कहना है कि पिछले 24 घंटो में प्रदेश के सभी संभागों का मौसम शुष्क रहा। विभाग ने कहा है कि प्रदेश के सभी संभागों के न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। रीवा, शहडोल, जबलपुर और नमर्दापुरम जिले में न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी अधिक रहा। वहीं ग्वालियर संभाग के जिलों में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम और शेष संभागों में तापमान सामान्य दर्ज किया गया।

### मध्य प्रदेश के कई जिलों में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे

उत्तरी हवाओं के कारण प्रदेश के कई जिलों में रात का पारा 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया। दतिया सबसे ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस के नीचे आ गया। इसके अलावा धार, गुना, ग्वालियर, पचमढ़ी, राजगढ़, रतलाम, खजुराहो, नौगांव और सागर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस के नीचे चला गया।







भोपाल। मेला बिट्ठन मार्केट, दशहरा मैदान में किसान मेले का शुभारंभ हुआ। पशुपालन मंत्री प्रेम सिंह पटेल मेला भ्रमण किया। किसान मेले में ट्रैक्टर से लेकर डेरी तक लेटेस्ट टेक्नोलॉजी वाले विभिन्न क्षेत्रों के 150 से ज्यादा स्टाल लगाए जा गए हैं।

# मध्य प्रदेश में बिजली आपूर्ति का बना नया कीर्तिमान, 17 हजार मेगावाट के करीब मांग



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में बिजली की मांग का गत दिवस 25 दिसंबर को नया कीर्तिमान बना। बिजली की मांग 16996 मेगावाट पह पहुंच गई। यह मध्यप्रदेश के इतिहास में बिजली की सर्वाधिक मांग है। इसके पहले 23 दिसंबर को प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक बिजली की आपूर्ति 3183.52 लाख यूनिट की गई। यह भी प्रदेश के इतिहास में सर्वाधिक बिजली अपूर्ति का नया कीर्तिमान है। इससे पूर्व 21 दिसंबर को प्रदेश में 3163.28 लाख यूनिट बिजली सप्लाई की गई थी।

**प्रदेश में कैसी रही बिजली की मांग-** प्रदेश में जब बिजली की मांग 16996 मेगावाट पर दर्ज हुई उस दौरान मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (जबलपुर, सागर व रीवा संभाग) में 4640 मेगावाट, मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (भोपाल व ग्वालियर संभाग) में 5376 मेगावाट और मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (इंदौर व उज्जैन संभाग) में बिजली की अधिकतम मांग 6622 मेगावाट दर्ज हुई। रेलवे को 359 मेगावाट बिजली प्रदाय की गई।

**प्रदेश में कैसे हुई बिजली सप्लाई-** प्रदेश में 26 दिसंबर को जब बिजली की मांग 16996 मेगावाट दर्ज हुई, उस समय बिजली की सप्लाई में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के ताप व जल विद्युत गृहों का उत्पादन अंश 4034 मेगावाट, इंदिरा सागर-सरदार सरोवर-ओंकारेश्वर जल विद्युत परियोजना का अंश 1403 मेगावाट, सेंट्रल सेक्टर का अंश 4029 मेगावाट व सासन का अंश 1120 मेगावाट, आईपीपी का अंश 1677 मेगावाट रहा। अन्य स्त्रोत जिनमें नवकरणीय स्त्रोत व बैंकिंग भी शामिल हैं, से प्रदेश को 4732 मेगावाट बिजली प्राप्त हुई।

# उज्जैन रेलवे स्टेशन से बच्चा हुआ चोरी, शिकायत करने पहुंची मां को टीआई ने मारा चांटा

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन पर बुकिंग खिड़की के पास से 24 दिसंबर की सुबह करीब 10 बजे दो साल का बालक चोरी हो गया। घटना के दौरान मां अपने बच्चे को बैंच पर लेटाकर दूध लेने गई थी। वारदात के बाद महिला ने जीआरपी थाने में शिकायत की तो टीआइ ने एफआइआर दर्ज करने के बजाए महिला पर ही बच्चा उठाने का आरोप लगाते हुए उसे वहां से भगा दिया। महिला का आरोप है कि उसे चांटा भी मारा गया। अगले दिन रोगी कल्याण समिति सदस्य के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने फिर से फुटेज चेक किए तो उसमें बच्चे चोरी होने की बात सामने आई। इसके बाद केस दर्ज किया गया।



बागपुरा निवासी वैष्णवी उम्र 22 वर्ष 23 दिसंबर की रात को पति श्रवण से झगड़ा होने के बाद अपने 2 साल के पुत्र वंश को लेकर भोपाल में अपनी बड़ी मां के यहां जाने के लिए रेलवे स्टेशन चली गई थी। वहां रात भर रही 24 दिसंबर की सुबह करीब 10 बजे वह दूध की बोतल लेने के लिए अपने पुत्र वंश को बुकिंग खिड़की के समीप बैंच पर लेटा कर गई थी। वापस लौटी तो बच्चा नदारद मिला। इस पर वह घबरा गई और जीआरपी थाने पहुंची तो टीआइ आर एस महाजन ने उसकी शिकायत सुनने के बजाय उससे अभद्रता की और उस पर ही बच्चा उठवाने का आरोप लगाकर चांटा मार दिया। महिला रोते हुए देवास गेट थाने गई थी। यहां भी पुलिस ने उससे घटनाक्रम सुना तो घटनास्थल जीआरपी का बताकर उसे रवाना कर दिया।

25 दिसंबर को महिला दोबारा देवासगेट थाने गई थी। यहां पर रोगी कल्याण समिति के सदस्य राजेश बोराना मौजूद थे। उन्होंने महिला को रोते देखकर उससे रोने का कारण पूछा तो महिला ने बताया कि उसका बच्चा चोरी हो गया और पुलिस केस दर्ज नहीं कर रही है। उसके बाद बोराना ने देवासगेट टीआई राममूर्ति शाक्य से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि घटनास्थल जीआरपी का है और जीआरपी उसकी सुनवाई नहीं कर रही है। इसके बाद बोराना उसे लेकर जीआरपी टीआइ आरएस महाजन के पास पहुंचे थे। यहां महाजन का कहना है कि था कि हमने महिला की शिकायत पर फुटेज चेक कर लिया लेकिन वह बच्चा ले जाते हुए कोई नहीं दिखा। इस पर बोराना ने फिर से फुटेज चेक करने को कहा। इसमें करीब 10 बजे एक व्यक्ति बच्चे को गोद में उठाकर ले जाता हुआ नजर आ रहा है। इसके बाद जीआरपी ने ताबड़तोड़ केस दर्ज किया।

## नाम परिवर्तन



मैं श्रीमती केरा देवी अहिरवार पत्नि श्री ललतेश कुमार अहिरवार निवासी मकान नं. 5-बी, डॉ. अम्बेडकर कालोनी, अप्सरा टॉकिज के पीछे, ओल्ड सुभाष नगर, हुजूर, जिला भोपाल शपथ पत्र द्वारा आधार कार्ड में अपना नाम श्रीमती राजकुमारी अहिरवार के स्थान पर श्रीमती केरा देवी अहिरवार नाम दर्ज कराया है। इसलिए भविष्य में मुझे केरा देवी अहिरवार के नाम से जाना पहचाना जाए।